
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 51 ग्वालियर,30 दिसम्बर शनिवार 2023 पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## पुलिस को थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी के लिये संवेदनशील होना चाहिए:डीआईजी चम्बल रेंज

**ग्वालियर-**''समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता'' विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमीनार का शुभारंभ उप पुलिस महानिरीक्षक चम्बल रेंज कुमार सौरभ,भापुसे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर किया। सेमीनार में उपस्थित मुख्य अतिथि का पुलिस अधीक्षक, अजाक, चम्बल रेंज जयराज कुबेर द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस सेमीनार में अति0 पुलिस अधीक्षक जिला दतिया सुनील शिवहरे, सहायक लोक अभियोजन अधिकारी अभिषेक मेहरोत्रा, अजाक प्रदेश अध्यक्ष चौधरी मुकेश मौर्य, एडबोकेट हाइकोर्ट ग्वालियर रवि चौधरी सहित चम्बल रेंज के लगभग 40 से अधिक पुलिस अधिकारीगण सम्मलित हुए हैं। सेमीनार के दौरान मंच संचालन पुलिस अधीक्षक, अजाक, चम्बल रेंज द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप पुलिस महानिरीक्षक चम्बल रेंज ने कहा कि पुलिस को समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशील रवैया रखते हुए उनसे संबंधित शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करना चाहिए



और थाने में आने वाले प्रत्येक फरियादी के लिये भी संवेदनशील होना चाहिए। विवेचक को फरियादी की रिपोर्ट दर्ज करते समय अपने आप को पी?ित के स्थान पर रखकर रिपोर्ट दर्ज करनी चाहिए। उन्होने कहा कि इस प्रकार के सेमीनार से विवेचकों को नवीन नियम कानूनों के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त होती है जो कि आपके लिये विवेचना में उपयोगी सिद्ध होगी। आपको कानून की जितनी ज्यादा जानकारी होगी, विवेचना का स्तर उतना ही अच्छ रहेगा। पुलिस अधीक्षक, अजाक रेंज चम्बल जयराज कुबेर द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को एससी/एसटी के प्रकरणों में जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध न होने पर नवीन जाति प्रमाण पत्र तैयार कराने में एवं थाने में आने वाले पी?ित को एफआइआर कराने में आने वाली परेशानियों के निराकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अति0 पुलिस अधीक्षक जिला दतिया सुनील शिवहरे द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के गंभीर मामलों की केस स्टडी के माध्यम से सेमीनार में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई।

सेमीनार में सहायक लोक अभियोजन अधिकारी अभिषेक मेहरोत्रा के द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के प्रावधानों का सूक्ष्म विश्लेषण एवं विवेचना के दौरान गिरफ्तारी, मेमोरेण्डम, जप्ती, शिनाख्तगी संबंधी महत्वपूर्ण कार्यवाही में होने वाली त्रुटियों व उनके निवारण के संबंध में उपस्थित पुलिस अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई।

## पत्रकार लाल जी भदोरिया को मातृ शोक,99 वर्ष की उम्र में हुआ देहांत


मालनपुर वरिष्ठ पत्रकार लालजी सिंह भदोरिया की माता जी बिट्टी बाई पत्नी स्वर्गीय श्री जगराम सिंह भदोरिया का 99 वर्ष की आयु में मालनपुर स्थित निज निवास भदोरिया होटल मालनपुर चौराहा स्थित मकान पर उनका निधन हो गया जिनके अंतिम संस्कार में सैकड़ो लोग शामिल हुए भदोरिया जी की माता जी बिट्टी बाई का मालनपुर स्थित मरघट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया अंतिम संस्कार के दौरान जेष्ठ पुत्र आसाराम सिंह भदोरिया ने मुखाग्नि दी श्रीमती बिट्टी भाई भाई भदोरिया अपने पीछे पुत्रगण आसाराम भदोरिया, लालजी सिंह भदोरिया एवं शिव मंगल सिंह भदोरिया तथा नातियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है इस अवसर पर सभी पत्रकार बंधुओ ने एवं अधिकारियों ने माता जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की है



## संक्षिप्त समाचार

### धीरे-धीरे पांव पसार रहा है कोरोना का नया स्वरूप जेएन 1

नई दिल्ली। जानकारी के अनुसार भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के पूर्व संक्रामक विभागाध्यक्ष डॉ. समीरन पांडा का कहना है कि जेएन.1 उप स्वरूप की आर वैल्यू ओमिक्रॉन से ज्यादा देखी जा रही है। इसका मतलब है कि एक से दूसरे या फिर तीसरे व्यक्ति तक संक्रमण प्रसार की क्षमता अधिक है, लेकिन गंभीरता के मामले में यह उतना ताकतवर नहीं है, जितना बीते वर्षों में था। वहीं, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की कोविड टास्क फोर्स के सह अध्यक्ष डॉ. राजीव जयदेवन ने बताया कि जेएन.1 उप स्वरूप को लेकर कई चिकित्सा अध्ययन सामने आए हैं, जिनसे जाहिर है कि यह बहुत अधिक गंभीर स्वरूप नहीं है, लेकिन यह तेजी से लोगों को अपनी चपेट में जरूर ले सकता है। नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने भी स्वास्थ्य मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपी है, जिसमें बताया गया है कि जेएन.1 का संक्रमण देश के 11 राज्यों तक पहुंचा है। केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के अलावा गोवा, पुडुचेरी, गुजरात, तेलंगाना, पंजाब, दिल्ली और राजस्थान में भी कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए हैं, जिनके सैंपल की जीनोम



### नियमित सप्लाई नहीं है,वह सप्लाई सुचारू रूप से चालू रहे,ऐसे निर्देशशिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन

शिवपुरी(मध्य प्रदेश) शिवपुरी विधायक श्री देवेंद्र जैन ने अपने आवास पर नगर पालिका केवरिष्ठ अधिकारियोंऔर अध्यक्ष श्री मति गायत्री शर्मा के साथ की संयुक्त बैठक, नगर की प्रमुख समस्याएं पेयजल, अटल सागर डैम की



नियमित सप्लाई, शहर के विभिन्न वार्डों में खराब मोटरों को समय से बदला जाए, ग्रामीण क्षेत्र के जिन गांवों में लाइट की नियमित सप्लाई नहीं है,वह सप्लाई सुचारू रूप से चालू रहे,ऐसे निर्देश अधकारियों को दिए और शिवपुरी विधायकसे जो भी निधीओर बजट की जरूरत है उसके लिए सदैव तैयार है, शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र की जनता को किसी भी तरह की परेशानी ना हो ऐसे निर्देश अधिकारियों और नगर पालिका अध्यक्ष को दिए,


### जनसम्पर्क आयुक्त श्री पोरवाल ने पदभार ग्रहण किया



भोपाल सचिव जनसम्पर्क श्री विवेक पोरवाल ने आज जनसम्पर्क आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने जनसम्पर्क संचालनालय में कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों की बैठक ली। जनसम्पर्क आयुक्त श्री पोरवाल ने जनसम्पर्क की कार्यप्रणाली की वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाग के विभिन्न प्रभागों में किये जा रहे कार्यों की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने म.प्र. माध्यम में भी प्रबंध संचालक (एम.डी.) का पदभार ग्रहण किया।

## अयोध्या जाने वाले रामभक्तों के लिए सीएम मोहन का खास इंतजाम, बॉर्डर पर किया जाएगा इस तरह से स्वागत

अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान राम बिराजेंगे. इस मौके पर मध्य प्रदेश से भी बड़ी संख्या में राम भक्त अयोध्या जाएंगे. अयोध्या जाने वाले राम भक्तों के लिए मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा खास इंतजाम किया जा रहा है. सीएम बनने के बाद पहला ही निर्देश सीएम यादव ने अयोध्या जाने वाले राम भक्तों के स्वागत सत्कार को लेकर दिया है. सीएम यादव के निर्देशों के बाद रामभक्तों के स्वागत सत्कार की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार यूपी बार्डर पर रामभक्तों के लिए विशेष




इंतजाम किए जाएंगे. भक्तों के लिए भोजन-पानी सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. तीर्थ दर्शन के तहत वरिष्ठ नागरिकों को विशेष ट्रेनों के माध्यम से अयोध्या पहुंचाया जाएगा. साथ ही यूपी बॉर्डर पर सभी राम भक्तों का तिलक लगाकर स्वागत भी किया जाएगा. इसके अलावा प्रदेश के सभी 52 जिलों में रामभक्तों के लिए विशेष इंतजाम रहेंगे.

**अयोध्या के लिए पैदल ही निकल पड़ा रामभक्त**-बता दें अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले आयोजन को लेकर रामभक्तों में उत्साह है. उज्जैन निवासी एक युवक तो पैदल ही अयोध्या के लिए निकल पड़ा है. यह युवक 900 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर अयोध्या पहुंचेगा. युवक राजवर्धन सिसोदिया प्रतिदिन 30 से 35 किलोमीटर की पदयात्रा कर रहे हैं. राजवर्धन ने एक महीने में अयोध्या पहुंचने का लक्ष्य रखा है. युवक जहां-जहां से गुजर रहा है, वहां उसका सीएम के निर्देशों अनुसार तिलकर स्वागत किया जा रहा है.

**राम मंदिर ट्रस्ट ने लोगों से की ये अपील** -वहीं राम मंदिर के ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर निर्माण से खुश होकर राम भक्त अयोध्या की तरफ 22 जनवरी के पहले न चल दें.

## शीतल लहर को देखते हुए स्कूलों का समय बदला

**ग्वालियर।**जिले में कड़ाके की सर्दी को देखते हुए ग्वालियर जिलाधीश के द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए ग्वालियर जिले में संचालित समस्त प्रकार के, शासकीय /अशासकीय सीबीएसई/ आदि सभी शैक्षणिक संस्थाओं जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक की सभी कक्षाएं प्रातः 9ः00 बजे के बाद ही संचालित की जावेगी इसके उपरांत भी कोई भी शैक्षणिक संस्थाएं तय समय के विपरीत कक्षाएं संचालित करता है तो उसके खिलाफ दंडात्मक में कार्रवाई की जाएगी



पृ.क्र./सामान्य/ /2023
1. आयुक्त लोक शिक्षण म.प्र भोपाल।
2. पुलिस अधीक्षक जिला ग्वालियर।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ग्वा
4. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग, ग्वालि
5. जिला शिक्षा अधिकारी जिला ग्वालियर।
6. प्राचार्य, जिला शिक्षा महाविद्यालय ग्वालियर।
7. प्राचार्य, जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान ग्वालि
8. जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्
9. समस्त प्राचार्य, शा/अशा समस्त प्रकार के
10. समस्त प्र.अ. शा./अशासकीय समस्त प्रकार
11. समस्त बी.ई.ओ जिला ग्वालियर।
12. समस्त बी.आर.सी. जिला ग्वालियर।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

## मध्य प्रदेश में रात के साथ दिन में भी कड़ाके की सर्दी, भोपाल सहित इन जिलों में 3 से 4 डिग्री लुढ़का पारा

मध्य प्रदेश में सर्दी का असर जोरों पर है, अब रात के साथ दिन में भी कड़ाके की सर्दी हो रही है. दिन में सबसे अधिक सर्दी का असर प्रदेश के टीकमगढ़, मलाजखंड और बालाघा में देखने को मिला, जहां अधिकतम तापमान 22 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया. मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत से आई बर्फीली हवाओं की वजह से प्रदेश में सर्दी का असर है. भोपाल, इंदौर, ग्वालियर सहित प्रदेश के कई जिलों में रात का तापमान 3 से 4 डिग्री लुढ़क गया है, जबकि दिन में भी कंपकंपा देने वाली हवाएं चल रही है.



**बादलों की वजह से शीतलहर**-मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह के अनुसार अफगानिस्तान, ईरान के आस-पास वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव है, जिसकी वजह से प्रदेश में सर्दी का असर जारी है. प्रदेश के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे चला जा रहा है. मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अगले 5 से 7 दिन तक प्रदेश में बारिश के आसार नहीं है, लेकिन आगामी 25 दिसंबर के बाद से सर्दी में और अधिक इजाफा होगा.

**इन शहरों में लुढ़का पारा**-मध्य प्रदेश के प्रमुख पांच शहरों में ग्वालियर में सबसे ज्यादा सर्दी का असर है. ग्वालियर में अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री, जबकि न्यूनतम 6.5 डिग्री दर्ज किया गया. इसी तरह भोपाल में अधिकतम 25.8, न्यूनतम 10.1, इंदौर में अधिकतम 24.4, न्यूनतम 12.4, जबलपुर में अधिकतम 23.7 और न्यूनलम 8.3 और उज्जैन में अधिकतम पारा 25.2, जबकि न्यूनतम 11.5 डिग्री दर्ज किया गया.

**बीते दिनों भी इन जिलों 10 डिग्री से नीचे रहा पारा**-वहीं बीते दिनों भी प्रदेश के कई जिलों में न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया था. इन शहरों में खजुराहो 9.0 डिग्री, मलाजखंड 7.3, सीधी 9.6, रीवा 6.5, पचमढ़ी 6.0, खरगोन 8.8, सतना 8.2, रायसेन 7.8, शाजापुर 8.4, दमोह 9.0, नौगांव 7.0, खंडवा 9.0, बैतूल 7.2, सागर में न्यूनतम पारा 8.7 डिग्री दर्ज किया गया.

## विपक्ष के हमले पर सीएम मोहन यादव ने तोड़ी चुप्पी, लाडली बहना योजना को लेकर दिया ये बड़ा बयान



मध्य प्रदेश में 16वीं विधानसभा के चार दिवसीय विशेष सत्र का आज समापन हो गया. राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई. इस दौरान विपक्ष ने लाड़ली बहना योजना चलेगी या नहीं इस पर हंगामा हो गया. सीएम यादव ने कहा कि कोई भी योजना बंद नहीं होगी. लाड़ली बहना योजना भी जारी रहेगी.विधानसभा सत्र के दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर सीएम डॉ. मोहन यादव का संबोधन हुआ. सीएम डॉ. यादव ने कहा कि लाडली बहना योजना बंद नहीं होगी. कोई भी योजना बंद नहीं होगी, सारी योजनाओं के लिए पर्याप्त धन राशि हमने रखी है. हमारी सरकार ने राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया है. सीएम डॉ. यादव ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आपकी सरकार में कई तरह से राम मंदिर को लटकाए रखा. हमारी सरकार 22 जनवरी को राम भक्तों का स्वागत करेगी.

ग्वालियर गौरव दिवस के रूप में भव्यता के साथ मनेगा श्रृद्धेय अटल जी का जन्मदिन

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 25 दिसंबर को महाराज बाड़े पर होगा भव्य आयोजन

### जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कलेक्टर सिंह ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप

ग्वालियर +/- भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री एवं ग्वालियर के ला?ले सपूत श्रृद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिवस इस साल भी ÷ग्वालियर गौरव दिवस÷ के रूप में हर्षोल्लास, धूमधाम एवं भव्यता के साथ मनाया जायेगा। अटल जी के जन्मदिवस 25 दिसम्बर को शहर के हृदय स्थल महाराज बा?ा पर गौरव दिवस के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भव्य आयोजन होगा। चिकित्सा, कला-संगीत, शिक्षा-साहित्य, खेल, उद्योग, समाजसेवा इत्यादि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहीं जिले की विभूतियों को इस अवसर पर ग्वालियर गौरव सम्मान प्रदान किए जायेंगे। ज्ञात हो गौरव दिवस की पूर्व संध्या अर्थात 24 दिसम्बर की शाम जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में श्रद्धेय अटल जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में ÷हमारे अटल, प्यारे अटल÷ कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें देश के प्रख्यात हास्य व्यंग के कवि सुरेन्द्र शर्मा को अटल सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का भी आयोजन होगा। जिसमें देश के जाने-माने कवि काव्यपाठ करेंगे। यह आयोजन शाम 7 बजे से शुरू होगा।



शुक्रवार को यहाँ कलेक्ट्रेट के सभागार में पूर्व मंत्री एवं विधायक नारायण सिंह कुशवाह तथा अन्य जनप्रतिनिधिगणों की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने सभी के सुझावों के अनुसार गौरव दिवस की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बैठक में बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, स्मार्ट सिटी की सीईओ श्रीमती नीतू माथुर, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी तथा रामेश्वर भदौरिया, दीपक शर्मा व विनय जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में जानकारी दी गई कि गौरव दिवस पर महाराज बा?ा को आकर्षक रोशनियों से सजाया जायेगा। साथ ही अटल जी के प्रिय व्यंजनों के स्टॉल भी लगेंगे। साथ ही भव्य मंच से देश के सुविख्यात कलाकार की प्रस्तुति भी होगी।

कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने आयोजन की सभी व्यवस्थाओं को पूरी गरिमा के साथ जल्द से जल्द अंजाम देने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने बैठक में जानकारी दी कि गौरव दिवस समारोह 25 दिसम्बर को सायंकाल 6 बजे शुरू होगा।

तानसेन अलंकरण व ताल दरबार कार्यक्रम में भी शामिल होंगे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पच्चीस दिसम्बर को ग्वालियर की प्रस्तावित यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्वालियर गौरव दिवस के अलावा तानसेन अलंकरण समारोह और ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग पर आयोजित होने जा रहे ÷ताल दरबार÷ कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसके अलावा सिरोल पहा?ी पर पहुँचकर अटल स्मारक का शिलान्यास करेंगे। ज्ञात हो ताल दरबार में एक साथ 1500 तबला वादक अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे।

# विश्व हिंदू परिषद मालनपुर बजरंग दल द्वारा श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर खंड के सभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, एवं सभी सम्मानित नागरिक एवं सभी हिन्दू भाइयों के लिए बड़े गर्व का बिषय है कि अयोध्या में लगभग 500 बर्ष के बाद मंदिर बनकर तैयार हो गया है जिसमें श्री राम लला की प्रांड प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को होने जा रही है इसी मालनपुर ठनेश्वरी बाबा मंदिर हनुमान मंदिर पर बैठक हुई जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सयोजक सतेंद्र सिंह जाट ने कहा है कि मालनपुर नगर वासियों से मैं यह अपील करता हूं कि अपने घर पर प्राण प्रतिष्ठा के दिन पांच दीपक जरूर जलाएं दीपावली के त्यौहार की तरह बनाया जाए क्योंकि हम बहुत भाग्यशाली हैं भगवान श्री राम का भाव मंदिर बनकर तैयार हो गया और श्री राम उसमें विजय विराजमान होंगे जिसको लेकर मालनपुर खंड में 2 जनवरी को संत यात्रा निकाली जा रही है सभी सनातन धर्म को मानने वाले एवं सभी हिन्दू संगठनों मालनपुर नगर के सभी सम्मानित बंधुओं से अपील है कि संत यात्रा में बढ़चढ़ कर हिस्सा ले 1 जनवरी से 15 जनवरी तक श्री अयोध्या धाम से आए अक्षत्र एवं पत्रिका को हर तक पहुंचाने में सभी हिन्दू भाई बढ़चढ़ कर हिस्सा ले और हर घर में पांच दिए जलाकर राम लला की प्रांड प्रतिष्ठा को महोत्सव के रूप में मनाने के लिए सभी को जाग्रत करें22 जनवरी 2024 जैसा दिन बार बार नहीं आएगा इस दिन के लिए हमारे पूर्वजों ने बहुत लड़ाई लड़ी है हम बहुत भाग्यशाली हैं कि हमारे जीवन काल में अयोध्या धाम में श्री राम लला भव्य मंदिर में बिराजमान हो रहे हैंइस अवसर पर जागेश्वर भारद्वाज प्रखण्ड मंत्री गोहद ,सत्येन्द्र जाट प्रखण्ड संयोजक गोहद ,खण्ड अध्यक्ष मानवेन्द्र गुर्जर बजरंग दल मालनपुर ,मातृशक्ति से पिंकी राजावत, मालनपुर मोबाइल मीडियाप्रभारी बजरंग दल धीरज गुर्जर, वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष शर्मा मालनपुर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जितेंद्र शर्मा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता धर्मवीर सिंह शर्मा सचिन शर्मा आदि कर कार्यकर्ता मौजूद रहे

# डॉ.एसबी शर्मा का जीवन समाज के लिए समर्पित रहा-विधायक अम्बरीश शर्मा

**डॉ.एसबी शर्मा का जीवन समाज के लिए समर्पित रहा-विधायक अम्बरीश शर्मा**





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**लहार-** स्व.डॉ. श्याम बिहारी शर्मा की पुण्य स्मृति में ग्राम गौरई के कान्हा उत्सव वाटिका इंदुखीं तिराह पर गुरुवार कां निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रतन ज्योति चेरिटेबिल ट्रस्ट ग्वालियर चरेज के माध्यम से संपन्न हुआ। जिसमें स्टक 148 रोगियों के नेत्रों का परीक्षण कल किया गया। जिनमें से 42 रोगियों को वेस्ट मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए लिटी ग्वालियर ले जाया गया इस अवसर पर लहार विधायक इस अम्बरीश शर्मा ने मुख्य अतिथि की सीओ आसंदी से कहा कि व्यक्ति की प्रेरणा लियर हमेशा पीढ़ी दर पीढ़ी जीवंत रखती है। खान, आज उसका प्रत्यक्ष उदाहरण हमारे बदव, सामने है। स्व. डॉ. श्याम बिहारी शर्मा नहित का जीवन समाज के लिए समर्पित कारी रहा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. डीके शर्मा ने कहा कि बिना आंखों के हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। आंखें अनमोल हैं। बढ़ती पार्टी उम्र और कुछ बीमारियों के कारण नसिंह आंखों की रोशनी या तो कम हो जाती र्यक्रम है या चली जाती है। सावधानी एवं किया जागरूकता से ही हम अपनी आंखों की रोशनी को बचा सकते हैं लिहाजा समय-समय आंखों की जांच कराते हुए सावधानी बरतें तो रोशनी को बनाए रख सकते हैं। साथ ही हमें हरी सब्जियों का भी सेबन करना चाहिए। पोषण युक्त भोजन स्वस्थ आंखों के लिए अत्यंत आवश्यक है। समाजसेवी अनिल शर्मा ने डॉ. एसबी शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी स्मृति में चलाए जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्पों पर के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन अ प्रेमनारायण बरुआ ने एवं आभार रहे प्रदर्शन जयप्रकाश शर्मा ने किया मा गया। कार्यक्रम में राजीव भार्गव, खे विनोद दूरवार, अवधेशसिंह चौहान, डॉ. शिवेन्द्र सिंह, अनिल बौहरे, भाजपा के मंडल अध्यक्ष अवधेश सिंह बघेल, लाखन सिंह चौहान, सचिन शर्मा, विवेकसिंह चौहान, मनोज शर्मा, अमित गोस्वामी उपस्थित रहे।

# कार्यस्थल पर तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

माननीय मुख्यमंत्री म.प्र. शासन डॉ. मोहन यादव के दिनांक 01 जनवरी 2024 को प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन पूर्ण मुस्तैदी से लग गया है। आज कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने नवगृह मेला मैदान पर संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ उपस्थित होकर टेन्ट, यातायात, बैठक व्यवस्था, वीवीआईपी के आगमन के रास्ते, आभार यात्रा के मार्ग, समीक्षा बैठक हॉल आदि स्थानों की समीक्षा की।

**यह होगी आभार यात्रा-**मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त प्रोटोकाल अनुसार माननीय मुख्यमंत्री प्रातः 12.20 को मेलडेरेश्वर महादेव मंदिर स्थित हैलीपेड पर उतरेंगे। वहीं मुख्य सड़क पर उनकी जन आभार यात्रा प्रारंभ होगी जो नवगृह मेला मैदान तक आवेगी। पूरे रास्ते में लगभग 40 मंच सड़क के दोनों ओर बनेंगे जिससे मुख्यमंत्री महोदय का स्वागत होगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने तहसीलदार श्री मुकेश मचार एवं सीएमओ श्री एमआर निगवाल को मंच के स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित न हो।

**मंचीय व्यवस्था-** मुख्य मंच कलेक्टर कार्यालय की ओर 40 बाय 80 फीट का बनेगा। जिसके पीछे माननीय मुख्यमंत्री महोदय, वरिष्ठ अधिकारियों, अति विशिष्ट जनप्रतिनिधियों हेतु तीन ग्रीन रूम बनाएं जाएंगे। मंच के सामने 40 फीट की डी एवं उसके बाद 400 बाय 100 फीट का जर्मन डोम लगेगा। जिसके दोनों ओर 60 बाय 300 फीट का टेन्ट लगेगा। मंच के मध्य से 100 फीट लंबा रैम्प भी बनाया जाएगा। इस प्रकार लगभग 25000 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। कलेक्टर श्री शर्मा ने टेन्ट शीघ्र लगाने के निर्देश दिए हैं। मंचीय सभा के पश्चात मुख्यमंत्री महोदय कलेक्टर सभागृह में कानून सुरक्षा की बैठक एवं उसके बाद योजनाओं की समीक्षा बैठक लेंगे। जिसमें इन्दौर संभाग के समस्त वरिष्ट अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

**मोदी सरकार, हर वर्ग को समर्पितः सांसद चौधरी**

# सोजत की धाकड़ी और सुरायता ग्राम पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में शामिल हुए पाली सांसद, अधिकारियों के ढुलमूल रवैए पर दिखाई सख्ती

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

पाली। पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री और पाली सांसद पीपी चौधरी शुक्रवार को धाकड़ी और सुरायता ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों के साथ संवाद भी किया और शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ढुलमूल रवैए को लेकर नाराजगी जाहिर की। सांसद चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में आर्थिक सम्पन्नता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ को सुनिश्चित करने का संकल्प लिया है। विकसित भारत का संकल्प नारी, युवा, किसान और गरीब इन चार स्तंभों पर टिका है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में वंचितों और गरीबों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा गरीबों के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं बनाई है, जिसमें सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सांसद चौधरी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और गांवों के मौजिज लोगों से यात्रा के सफलता हेतु विशेप अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आम लोगों के जीवन स्तर में ऊंचा उठाने का प्रयास किया है और इन योजनाओं से अब तक करोड़ों परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। अब तक



इस योजना से वंचित लोगों को इसका लाभ पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घर बैठे गंगा लाने का काम किया है और हम सभी को अपने सामाजिक दायित्व को समझते हुए प्रतिदिन 4 से 5 घंटे इसके लिए देने चाहिए और जो भी योजनाओं के पात्र लाभार्थी है, उन तक इन योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए, ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूरा किया जा सके। शिविरों में आए किसानों की मांग पर सांसद चौधरी ने कृषि अधिकारियों के द्वारा ड्रोन का प्रदर्शन भी करवाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कार्य कर रहे हैं। अब ड्रोन के माध्यम से खेती पर दवाई छिड़काव का कार्य आसानी होगा। इससे हमारे अन्नदाताओं को बहुत ही लाभ मिलेगा। योजनाओं का लाभ हर हकदार को मिले।सांसद चौधरी जब धाकड़ी और सुरायता शिविरों में पहुंचे तो ग्रामीणों ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के काम नहीं करने की शिकायत की। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें योजनाओं के पात्र बनने के लिए बार-बार भटकाया जा रहा है। इस पर सांसद चौधरी ने एसडीएम गोपाल जांगिड़ के समक्ष अधिकारियों एवं कर्मचारियों को खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आपके पास आने वाले लोग गरीब वर्ग के अधिक है। उन्हें योजना का लाभ किस तरह से मिल सके, उसके लिए प्रयास करें ना कि उन्हें वंचित ही रहना दिया जाए। हम सभी का पूर्ण यह प्रयास करना चाहिए कि हर जरूरतमंद को मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभ अवश्य मिलें। इस दौरान सांसद चौधरी ने शिविरों में पात्र महिलाओं को उज्ज्वला गैस कनेक्शन के साथ ही अन्य योजनाओं का हाथों-हाथ लाभ दिया। दोनों कार्यक्रमों में सांसद चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई।

इन कार्यक्रमों में सांसद चौधरी के अलावा विधायक शोभा चौहान, सोजत प्रधान धाबली देवी, सुरायता सरपंच प्रेम सीरवी, मण्डल अध्यक्ष चाडवास जगदीश सिंह राजपुरोहित, मण्डल अध्यक्ष बगड़ी भंवर सैणचा, समाजसेवी अमराराम सीरवी, हरिश चौधरी सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बड़ौद गांव में श्री आई माताजी धर्म रथ भैल का किया भव्य बधावा



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे.**
**/नारायणलाल सेंणचा**

पाली । तहसील मुख्यालय देसूरी से 18 किमी दूर उन्दरथल, सरथूर, भीटवाड़ा, सिन्दरली और गिराली के मध्य पंचायत मुख्यालय का गांव है बड़ौद, मात्र 250 घर की बस्ती बड़ौद में सीरवी समाज का बाहुल्य है। अन्य जातियों में देवासी, राजपूत, मेघवाल, कुम्हार, मालवीय लौहार, सुथार, माली,भील, रंगास्वामी,नाथ, जोगी,नाई, ढोली और हाटिया यहां पर बसे हुए हैं। बड़ौद में सीरवी समाज के लगभग 131 घर है जिनमें सोलंकी,काग, परिहारिया, लचेटा, परमार और मुलेवा यहां पर निवास कर रहे हैं। श्री आई माताजी बडेर में पाट स्थापना लगभग विक्रम संवत् 2016 में की हुई बताई जाती है, लगभग 10 वर्ष पूर्व जीर्णोद्धार के साथ पुनः सामान्य आयोजन कर पाट स्थापना की गई। अब गांव में ही मुख्य सड़क मार्ग पर शानदार सीरवी समाज का समाज भवन तैयार हो चुका है। यहां सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो जाएगी। यहां पर वर्तमान में कोटवाल जगाराम कुपाराम सोलंकी, जमादारी रुपाराम रताराम काग और पुजारी दौलाराम ओटाराम सोलंकी अपनी सराहनीय सेवाएं दे रहे हैं। यहां से सरकारी सेवा में केनाराम जी वीरमजी सोलंकी लाइनमैन बीएसएनएल से सेवानिवृत है, डॉ मांगीलाल अचलाराम सोलंकी दिल्ली विश्वविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर अपने समाज और गांव का नाम रोशन कर रहे हैं। डॉ नरेश भेराराम काग जोधपुर में रेडियोलॉजिस्ट के पद पर तथा आपकी धर्मपत्नी डाक्टर श्रीमती मधु नरेश काग भी जोधपुर में सेवा दे रहे हैं। मुकेश रुपाराम काग बीएचयू काशी में नर्सिंग आफिसर के पद पर



आसीन है। भानाराम अमराराम सोलंकी पूना में इंजीनियर के रूप में सेवा दे रहे हैं। लकमाराम ओगड़राम परिहारिया बिजोवा में वरिष्ठ अध्यापक पद तथा श्री आईजी शिक्षण संस्थान रानी द्वारा संचालित श्री आईजी मोतीबाबा इंग्लिश स्कूल रानी में शिक्षा समिति के सचिव पद पर कार्यरत हैं। सुरेश धन्नाराम काग मर्चेंट नेवी में सेवा दे रहे हैं। श्रीमती विनीता स्वर्गीय कमलेश काग माताजी वारा में अध्यापक लेवल 2 अंग्रेजी के पद पर कार्यरत हैं। अजय मन्नाराम काग ने एमबीबीएस किया है। बड़ौद सीरवी समाज भी राजनीति में शून्य रहा है किसी भी प्रकार का चुनावी पद अभी तक यहां पर नहीं पाया है। व्यापार व्यवसाय में यहां से रानी,बाली, अहमदाबाद, बड़ौदा, सूरत, मुम्बई, पूना और नाशिक में सीरवी बंधु सफलता के झंडे गाड़ रहे हैं। बड़ौद गांव में श्री आईजी सीरवी सेवा संस्थान बड़ौद के नाम से सीरवी समाज का ट्रस्ट बना हुआ है, जिसके पदाधिकारी निम्नानुसार है पूराराम वीरमराम सोलंकी अध्यक्ष केनाराम वीरमराम सोलंकी सचिव तथा लकमाराम ओगड़राम परिहारिया कोषाध्यक्ष पद का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। बड़ौद में श्री आई माताजी धर्म रथ भैल का भव्य बधावा किया गया। शाम को संध्या आरती और रात में धर्म सभा में माताओं बहनों और बांडेरुओं ने श्री आई माताजी के इतिहास को सुना एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

# खरगोन पुलिस द्वारा चलाया गया सिकलीगर समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अभियान

**खरगोन पुलिस द्वारा चलाया गया सिकलीगर समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अभियान**

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**भारी संख्या मे सिकलीगर समाजजनों युवाओ व बच्चों जागरूकता अभियान मे बड़-चड़ कर हिस्सा लिया**

**ग्राम सिंगून अवैध हथियार बनाने व खरीद फरोक्त मे लिप्त है कुछ सिकलीगर समाज के लोग**

**सिंगून ग्राम का नाम अवैध शस्त्र के मामले मे बदनाम न करने की शपथ भी दिलाई गई**

**मुख्य धारा से जुडने के लिए किया प्रेरित**




शासन स्तर व पुलिस मुख्यालय के द्वारा अपराधों व अवैध गतिविधियों को रोकने के साथ साथ अपराधों व अवैध गतिविधियों मे लिप्त लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे है । इसी तारतम्य मे पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह व अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया के मार्गदर्शन मे आज दिनांक 28.12.2023 को जागरूकता अभियान चलाया गया । उक्त जागरूकता अभियान ÷आ अब लौट चले एक पहल÷ के तहत समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान÷ अभियान के तहत ग्राम सिंगून के सिकलीगर समाजजनों को अवैध हथियार बनाने व खरीद फरोक्त मे लिप्त समाजजनों को मुख्य धारा से जोड़ने व रोजगार के नए साधनों, शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया जागरूकता अभियान मे भारी संख्या मे सिकलीगर समाजजनों के युवाओ व बच्चों बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग भीकनगाँव श्री राकेश आर्य ने उक्त मौके पर सिकलीगर समाजजनों के युवाओ को सिंगून ग्राम का नाम अवैध शस्त्र के मामले मे बदनाम न करने की शपथ भी दिलाई गई ।

# गुना जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसे लेकर कलेक्टर एसपी ने ली बैठक

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

गत दिनांक गुना में हुई दर्दनाक घटना के मद्देनजर खरगोन में ऐसी दुःखद घटना की पुरनावृत्ति न हो इस हेतु कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने जिले के समस्त बस वाहन संचालकों एवं विद्यालयों के प्रमुखों की बैठक आयोजित की।उक्त बैठक में उन्हें चेतावनी दी गई कि बसे पूर्ण रूप से ठीक हो उनका फिटनेस अवश्य हो। किसी प्रकार की कमी पायी जाने पर फिटनेस निरस्त किया जावेगा। वाहनों में बैठक क्षमता अनुसार ही सवारी बैठावें, ओवरलोड न हो। ड्रायवरों का मानसिक परीक्षण किया जावे व उनकी काउन्सलिंग की जावे। बसें निर्धारित गति से ही चले इसके हेतु आ.टी.ओ को परमिट जारी करते वक्त समय अन्तराल को बड़ाये जाने के निर्देश दिए।स्कूल बसों में स्पीड गवर्नेस लगाए जाना सुनिश्चित करें। कोहरे को देखते हुए सुबह खास सावधानी रखें एवं बसों में पर्याप्त अग्निशमन यंत्र, फर्स्टएड बॉक्स, आपातकालीन द्वार अनिवार्य रखा जावे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती स्वाति मिश्रा, आर.टी.ओ, रितु अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री कूनड़े आदि उपस्थित थे।

**वाहनों को किया निरीक्षण-** परिवहन अमले ने जिले के विभिन्न मार्गों पर संचालित वाहनों की जांच की गई। आर.टी.ओ. रितु अग्रवाल ने अपने दल के साथ बरूड़ फाटे पर उपस्थित रहेकर वाहनों का निरीक्षण किया।

# राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने किये मां शारदा के दर्शन

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



सतना रैगांव विधानसभा क्षेत्र की नव निर्वाचित विधायक श्रीमती प्रतिमा बागरी मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री मण्डल में राज्यमंत्री की शपथ लेने के पश्चात प्रथम आगमन पर मैहर जिले के मां शारदा देवी मंदिर पहुंची। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने मां शारदा देवी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश वासियों के जीवन में खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। इस मौके पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा, विजय तिवारी तथा सतना, मैहर और रैगांव विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। इसके पहले सड़क मार्ग से मैहर जिले की सीमा में पहुंचते ही जगह जगह राज्यमंत्री श्रीमती बागरी का भव्य स्वागत किया गया।

# प्रत्येक त्रैमास में एक बार पेंशन दिवस आयोजित करें

**पुष्पांजलि टुडेराजेश कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ सतना**

सतना आयुक्त सामाजिक न्याय संचालनालय द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन स्कीम का लाभ पाने वाले हितग्राहियों की शिकायतों का पंजीयन और पेंशनरों की जानकारी का आदान-प्रदान करने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक त्रैमास में एक बार पेंशन दिवस आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झाड़े ने सतना और मैहर जिले के सभी नगरीय और जनपद निकायों के प्रमुखों को ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक त्रैमास में एक बार पेंशन दिवस आयोजित कर निर्धारित प्रपत्र में कार्यवाही विवरण तैयार करने के निर्देश दिये हैं। पेंशनर दिवस पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना में पेंशन पाने वाले हितग्राहियों की शिकायतों का पंजीयन, हितग्राहियों की जानकारी का आदान-प्रदान एवं हितग्राहियों का मेल-मिलाप कराया जायेगा। पेंशन दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम का कार्यवाही विवरण तैयार कर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सतना को भी भेजना होगा।

# भिण्ड की छात्राओं ने किया एक दिवसीय ग्वालियर शहर का औद्योगिक भ्रमण।

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड।गत दिवस गुरुवार को शा. कन्या उ. मा. वि भिण्ड की नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत ब्यूटी एंड वैलनेस एवं हेल्थ केयर की छात्राओं ने एक दिवसीय ग्वालियर शहर का औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम किया।कार्यक्रम का प्रारम्भ विद्यालय की प्राचार्य श्री मती स्नेहलता भदौरिया ने हरी झंडी दिखाकर भृमण कार्यक्रम का विधिवत प्रारम्भ किया प्राचार्य के दिशा निर्देशन मे यह भृमण कार्यक्रम हेल्थ केयर मीनू सोनी एवं ब्यूटी एंड वैलनेस की रेखा शिवहरे ने 51 छात्राओं को व्यावसायिक भ्रमण कार्यक्रम कराया उनके साथ सहयोग हेतु सौरभ पाल सर भी उपस्थित रहे।इसी क्रम मे ब्यूटी एंड वैलनेस की छात्राओं ने श्री रघुवीर सेन वोकेशनल समिति के माध्यम से ब्यूटीशियन मेकप की सूक्ष्म से सूक्ष्म जानकारी प्राप्त की।

# कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में भव्य रूप से आयोजित हुआ कार्यक्रम 'स्टार अवार्ड, ओल्ड इज गोल्ड, यादों का कारवां'







रीवा(पुष्पांजली टुडे)!

शिव क्रिएशन इवेंट के तत्वावधान में स्टार अवार्ड ओल्ड इज गोल्ड ÷यादों का कारवां÷ का भव्य आयोजन स्थानीय कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया ! जिसमें सन 1970 से 1990 दशक के गीतों एवं उन गीतों में नृत्य की प्रस्तुति दी गयी ! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय गाँधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा रहे जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ मीसाबंदी एवं समाजसेवी सुभाष श्रीवास्तव ने की ! कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि समाजसेविका सुशीला कुशवाहा, राजयोगिनी बी. के. निर्मला, बी के प्रकाश, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ के. के. परौहा, वरिष्ठ गायक याकूब खान, विनोद तिवारी, सुरेश चंद्र दुबे, ताई जी, स्वप्निल सिंह चौहान, डॉ सरोज सोनी, समाज सेवी अवनीश शर्मा, पार्षद विनोद शर्मा एवं युवा समा?सेवी सिद्धार्थ श्रीवास्तव उपस्थित रहे !सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई ! तत्पश्चात कार्यक्रम के आयोजक शिव कुशवाहा, कार्यक्रम की सहयोगी सीमा श्रीवास्तव, युवा गायक नीलेश श्रीवास्तव, संगीतकार डॉ प्रवीर दुबे, नितिन श्रीवास्तव, सुनील साहू एवं मनीष साहू ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया !

तदुपरांत विभिन्न चरणों में प्रतियोगितायें आयोजित की गयी ! जिसमें विजयी होने वाले जिन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया उनमें गायन की जूनियर श्रेणी में शगुन मिश्रा को बेस्ट सिंगर अवार्ड, शरद द्विवेदी को बेस्ट वॉइस अवार्ड और प्रखर नागर को बेस्ट वॉइस अवार्ड प्रदान किया गया ! सीनियर श्रेणी में शिवांश त्रिपाठी को बेस्ट सिंगर अवार्ड, खुशी पाण्डेय को बेस्ट वॉइस अवार्ड दिया गया ! सुपर सीनियर श्रेणी में सतीश मिश्रा को बेस्ट सिंगर अवार्ड एवं डॉ अंकित तिवारी को बेस्ट वॉइस अवार्ड प्रदान किया गया !इसी प्रकार नृत्य प्रतियोगिता में विजयी हुए जिन प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया उनमें स्टार जूनियर अवार्ड की श्रेणी में शाम्भवी तोमर को बेस्ट डांस अवार्ड, रिदिमा दुबे को बेस्ट क्रिएटिव डांस अवार्ड, त्रिशा सिंह पटेल को बेस्ट डांस अवार्ड और सौम्य साहू को बेस्ट क्रिएटिव डांस अवार्ड दिया गया !सुपर सीनियर कैटगोरी में मनु सिंह को बेस्ट डांस अवार्ड, मनीषा दुबे को बेस्ट क्रिएटिव डांस अवार्ड, स्नेह लता सोनी व साक्षी निगम को बेस्ट कोरियोग्राफी अवार्ड से सम्मानित किया गया ! इस कार्यक्रम के निर्णायक के रूप में गायन में ताई जी, वरिष्ठ गायक बृजेश मिश्रा एवं नृत्य में वरिष्ठ कलाकार एकता वर्मा एवं हिमांशु श्रीवास्तव शामिल रहे ! कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के जिन महत्वपूर्ण लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही उनमें बी. के. नम्रता, राजन वर्मा, पप्पू कानोजिया, लक्ष्मण साहू, पंडित आफताब, प्रकाश तिवारी मधुर, सरगम रीति पांडेय, अर्चना शुक्ला, श्लेषा शुक्ला, दीक्षा द्विवेदी, राखी पांडेय एवं बाल प्रतिभा मंच मगुरही के उमेश सेन सहित सैक?ो लोग शामिल रहे !

## नियम विरुद्ध संचालित 6 बसों को किया गया जप्त और 41 बसों के कटे चालान




रीवा(पुष्पांजली टुडे)।

कलेक्टर रीवा एवं मऊगंज के निर्देशों के अनुसार रीवा परिवहन विभाग द्वारा आरटीओ रीवा के साथ मिलकर परिवहन सुरक्षा स्क्वाड रीवा एवं परिवहन चेक पोस्ट हनुमना एवं चाकघाट द्वारा एक साथ यात्री बसों के विरुद्ध जांच अभियान चलाकर कार्यवाही करते हुए 168 बसों को चेक किया गया। जिनमें 6 बसों का फिटनेस शर्तो के अनुरूप नहीं पाया गया जिन्हें जप्त कर लिया गया है। इसके अलावा 41 बसों के विरुद्ध परमिट शर्तो का उल्लंघन करते पाए जाने पर मौके पर ही चालानी कार्रवाई की गई। यह कार्यवाही मऊगंज-हनुमना, रीवा-सतना मार्ग के साथ ही रीवा-प्रयागराज मार्ग पर की गई। जांच के दौरान बसों में परमिट, फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस, अग्निशमन यंत्र, स्पीड गवर्नर आपातकालीन द्वार के साथ ही कोहरे के कारण बसों की लाइट इंडिकेटर बैक लाइट की विशेष रूप से जांच की गई। ठंड के कारण स?क मार्ग पर दुर्घटना होने की संभावना काफी ज्यादा ब? जाती है जिसके कारण जिला परिवहन अधिकारी रीवा द्वारा अपने मातहत स्टाफ के साथ मिलकर यात्री बसों की जांच की गई और नियम विरुद्ध संचालन के कारण उनके चालान बनाए गए, साथ ही सभी को यह समझाइश भी दी गई कि मार्ग पर अत्यधिक कोहरा होने के कारण बसों को नियंत्रण में ही चलाएं। मार्ग पर चलते समय लाइट इंडीगेटर का सही इस्तेमाल करें जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इस कार्यवाही में आरटीओ रीवा के साथ प्रभारी परिवहन सुरक्षा स्क्वाड, प्रभारी परिवहन चेक पोस्ट हनुमना और परिवहन चेक पोस्ट चाकघाट का स्टाफ शामिल रहा। इस चालानी कार्यवाही से 96000 रुपए का राजस्व अर्जित किया गया।

## सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को संतुष्टिपूर्वक निराकृत करें - कलेक्टर

रीवा (पुष्पांजली टुडे)।

. प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा है कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें जिससे विभागों की रैंकिंग में सुधार हो। अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद न कराने पर विभाग तथा जिले की ग्रेडिंग प्रभावित हो रही है। विभाग तथा जिले की रैंकिंग में सुधार के लिए सभी अधिकारी विशेष प्रयास करके 50 दिन से अधिक अवधि से लंबित सभी शिकायतों तथा दिसम्बर माह में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। कलेक्टर ने सभी एसडीएम तहसीलदारों को भी राजस्व विभाग की शिकायतों का तत्परता से एवं संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

## धान खरीदी के लिए गोदाम सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक खुले रखें

रीवा (पुष्पांजली टुडे)

।जिले भर में समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए केन्द्र बनाए गए हैं। अधिकांश केन्द्र में गोदाम स्तर पर ही खरीदी की जा रही है। खरीदी केन्द्र के प्रभारी तथा समिति प्रबंधकों द्वारा बताया गया है कि समय पर गोदाम न खोलने तथा बंद करने के कारण खरीदी में कठिनाई आ रही है। प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन को गोदामों के खोलने और बंद करने का समय निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी गोदाम सुबह सात बजे अनिवार्य रूप से खुल जाएं। जिससे इनमें सुबह आठ बजे से धान की खरीदी शुरू हो जाए। गोदाम शाम को आठ बजे तक अनिवार्य रूप से खुले रखें। उपार्जित धान की स्टैगिंग तत्काल कराएं। जब तक स्टैगिंग का काम पूरा न हो जाए तब तक गोदाम बंद नहीं होगा। धान खरीदी की अंतिम तिथि 19 जनवरी निर्धारित है। जिसके कारण प्रतिदिन ब?ी संख्या में किसान उपार्जन के लिए खरीदी केन्द्रों में पहुंच रहे हैं। किसान को स्लॉट बुक करने के बाद सात दिन के अंदर ही धान का विक्रय करना है। गोदाम बंद करने के कारण यदि किसान को उपार्जन में कठिनाई आती है तो इसे शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रयास मानकर वेयरहाउस संचालक के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### उप मुख्यमंत्री ने खेल प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

## खेल से तन और मन दोनों का समुचित विकास होता है - उप मुख्यमंत्री

रीवा (पुष्पांजली टुडे)

।उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बिलाबांग हाई स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि खेल से तन और मन दोनों का समुचित विकास होता है। खेलों के माध्यम से हम में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। यह भावना जीवन भर काम आती है। हमें सर्वश्रेष्ठ सफलता प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए और सबसे खराब स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। यदि हम असफल होते हैं तो निराश होने के स्थान पर असफलता का



कारण तलाश कर उसे दूर करें सफलता अवश्य मिलेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बिलाबांग स्कूल ने रीवा में उच्च स्तरीय शिक्षा की सुविधा देने के साथ विद्यार्थियों में छिपी कला, साहित्य, संगीत और खेल जैसी प्रतिभाओं को निखारने का भी अवसर दिया है। शिक्षा के क्षेत्र में भी इस स्कूल की विशिष्ट पहचान है। समारोह में पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री का स्कूल के संचालक आशीष बाधवानी ने स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री ने ज्ञानदीप तथा मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। समारोह में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि श्री राजेश पाण्डेय, श्री नानकराम काकवानी, तथा विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में किया आमजनों से संवाद







रीवा (पुष्पांजली टुडे)

।उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा विकासखण्ड के ग्राम कोठी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयोजित शिविर में आमजनों से संवाद किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हर क्षण गरीबों के कल्याण की चिंता करते हैं। शासन की योजनाओं की जानकारी देने और लाभ प्रदान करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है। हजारों हितग्राही अब तक इससे लाभान्वित किए गए हैं। संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री जी की मंशा के अनुसार हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ देगी। आमजनता की मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी के पास जाकर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करे। इस गांव में किसान सम्मान निधि का ठीक से क्रियान्वयन किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ पाने के लिए बड़ी संख्या में पात्र हितग्राही वंचित हैं। संबंधित अधिकारी हर पात्र हितग्राही का आवेदन पत्र शिविर में ही तैयार कराकर सात दिवस में योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। उप मुख्यमंत्री ने समारोह में कन्या पूजन कर बेटियों का सम्मान किया। उन्होंने आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई भी की।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बन जाने से बड़े से बड़े रोग का उपचार हो रहा है। प्रधानमंत्री जी ने विन्ध्य को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उपहार देने के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड से गरीब को पाँच लाख रुपए के निःशुल्क उपचार की सुविधा दी है। आयुष्मान कार्ड से सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में लगभग दो हजार रोगियों की एंजियोप्लास्टी की जा चुकी है। अगर आयुष्मान कार्ड नहीं होता तो गरीब को इसका लाभ नहीं मिलता। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना नाममात्र के प्रीमियम पर आकस्मिक मौत होने पर आश्रितों को चार लाख रुपए की सहायता राशि का प्रावधान है। एक साल में केवल 456 रुपए का प्रीमियम देकर दोनों बीमा योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है। जिनके बैंक में खाते हैं वे इन बीमा योजनाओं के फार्म अवश्य भरें। संकल्प शिविर में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि खौर कोठी क्षेत्र में बड़ी संख्या में निराश्रित गौवंश की समस्या है। यहाँ से दो सौ गौवंश बसामन मामा गौ अभ्यारण्य भेजे जाएंगे। गौ माता धार्मिक ही नहीं आर्थिक दृष्टि से भी हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। इसका गोबर और गोमूत्र खाद और कीटनाशक बनाने में काम आता है। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में 10 हजार गौवंश की व्यवस्था की गई है। यह अभ्यारण्य पूरे प्रदेश के लिए माडल बनेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशीलता से जनहित के कार्य करने पर ही सुशासन आएगा। गरीबों के कल्याण और विन्ध्य के विकास के लिए मैं लगातार प्रयास करता रहूंगा। आप सबने भरपूर आशीर्वाद देकर मुझे जो शक्ति दी है वह गरीबों के कल्याण और क्षेत्र के विकास में ही उपयोग होगी। समारोह में प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अब तक जिले के 182 ग्राम पंचायतों में आयोजित की जा चुकी है। इनमें एक लाख 16 हजार से अधिक व्यक्तियों ने भागीदारी निभाई है। यात्रा के दौरान लगाए गए शिविरों में शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। हजारों हितग्राहियों ने शासन से मिली योजनाओं की खुशी इन शिविरों में जाहिर की। शिविर के दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इनमें अब तक तीन हजार सात सौ से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया जा चुका है।

शिविर में आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित हितग्राही विजय द्विवेदी डभौरा, किसान सम्मान निधि से लाभान्वित राजेन्द्र मिश्रा सेमरिया, उज्ज्वला योजना से लाभान्वित श्यामवती पटेल, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित कमलेश तिवारी तथा पोषण आहार एवं मातृ वंदना योजना से लाभान्वित श्रीमती राधा चौधरी ने अपने अनुभव सुनाए तथा शासन की योजनाओं की प्रसंशा की। शिविर में उप मुख्यमंत्री ने मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। उप मुख्यमंत्री ने शासन की योजनाओं की जानकारी दे रहे प्रचार रथ तथा ड्रोन से यूरिया के छिड़काव का अवलोकन किया। इस अवसर पर समारोह में नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि श्री राजेश पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष रीवा, सरपंच कोठी श्रीमती रेखा तिवारी, जिला एवं खण्डस्तर के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# क्या आपको सर्दियों में दिनभर छाई रहती है सुस्ती, तो जानें क्या है आलस की वजह और इससे निपटने के तरीके




सर्दियां आते ही अक्सर हमारा मन दिनभर कंबल में दुबके रहने का करता है। इस मौसम सभी को सुस्ती छाई रहती है जिसकी वजह से कुछ भी करने का मन नहीं करता है लेकिन क्या आपने कभी यह सोचा है कि सर्दियों में मौसम में इतना आलस क्यों आता है। अगर नहीं तो आप इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे इसकी वजह और इससे निपटने के तरीकों के बारे में-

सर्दियों का मौसम कड़ाके की सर्दी के साथ ही ढेर सारा आलस भी लेकर आता है। ऐसे में आलस की वजह से अक्सर कुछ भी करने का मन नहीं करता है। आलस के कारण दिनभर उबासी आती रहती है और कंबल में सोने की इच्छा करती है। इतना ही नहीं उठने पर भी लगातार हमारे अंदर आलस भरा ही रहता और जरूरी काम करने में सुस्ती छाई रहती है।

सर्दियों आलस और सुस्ती आना काफी आम बात हैं। हम में कई लोग अक्सर इस मौसम में इसका शिकार होते हैं, लेकिन क्या आपने कभी यह सोचा है कि आखिर सर्दियों में इतना आलस क्यों आता है। अगर नहीं तो आज इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे सर्दियों आलस आने की कुछ वजह और इससे निटपने के कुछ आसान तरीकों के बारे में-

**सर्दियों में क्यों आता है आलस?**

सर्दियों में अक्सर दिन छोटे और रातें बड़ी होती हैं, जिससे हमें धूप कम मिलती है और धूप कम मिलने की वजह से शरीर में विटामिन डी की कमी हो सकती है। विटामिन डी की हमारे शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होता है। यह न सिर्फ हमारी हड्डियों को मजबूत बनाने के मदद करता है, बल्कि हमें एनर्जेटिक भी बनाता है। ऐसे में शरीर में इसकी कमी अक्सर आलस और सुस्ती की वजह बनती है। आइए जानते हैं आलस की कुछ और वजह-

**शरीर में कफ का बढ़ना**

आयुर्वेद का मानना है कि सर्दियों में हमारे शरीर में कफ की मात्रा बढ़ती है। कफ की मात्रा का बढ़ने का मतलब शरीर में भारीपन महसूस होना। इससे ही आलस बढ़ता है और यही आलस बढ़कर सुस्ती में बदल जाता है, जिससे हमें काम करने का मन नहीं करता है।

**विटामिन डी की कमी**

दूसरा और सबसे महत्वपूर्ण कारण है धूप की कमी। धूप न मिलने से विटामिन डी की कमी हो जाती है और धूप की कमी से हमारा बायोलॉजिकल क्लॉक प्रभावित होता है। इससे हमारे शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाता है। शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन बढ़ने लगता है, जिससे हमें हर वक्त सुस्ती सी महसूस होती है। मेलाटोनिन हार्मोन नींद के लिए एक जरूरी हार्मोन है, जिसके बढ़ने से नींद, थकान और आलस महसूस होता है।

**सर्दियों में ऐसे दूर करें आलस**

गुनगुना पानी पीकर खुद को हमेशा हाइड्रेटेड रखें। साथ ही नारियल पानी, सूप और जूस भी पीते रहें। कम ही सही पर धूप जरूर लें, जिससे आप एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

अपनी डाइट प्लान को बेहतर बनाएं।

# अपने ही समर्थकों को दिग्भ्रमित करता मोदी का ईसाई-प्रेम



मुद्दा यह है कि अगर उनके अनुभव इस छोटे से परन्तु शांतिप्रिय समुदाय के साथ इतने आत्मीय रहे हैं तो वे उस विचारधारा के साथ कैसे जुड़ गये जो इनके प्रति गहन नफ़रत का भाव रखती है? राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ज्यादातर वे ही लोग जुड़ते हैं जो अल्पसंख्यकों व ईसाइयों के प्रति बेतरह बैर भाव रखते हैं। मोदी का जुड़ाव भी सम्भवत- इसी आधार पर हुआ होगा।

हर साल पड़ने वाला क्रिसमस इस मायने में थोड़ा अलग था। वह ऐसे कि सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन का यह अब तक गोपन रहा पक्ष सामने आया कि ईसाई समुदाय से उनके बहुत आत्मीय सम्बन्ध रहे हैं। मोदी के जीवन में इतनी विविधता है कि उसके सारे आयामों को एकमुश्त उद्घाटित नहीं किया जा सकता। इसलिये वे किश्तों में, ठहर-ठहरकर और माकूल वक्त पर सही खुलासे कर सभी को चमत्कृत करते रहते हैं। इसी क्रम में मसीही समुदाय के एक समारोह में शिरकत करने पहुंचे प्रधानमंत्री ने अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय खोलते हुए बतलाया कि %गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान वे ईसाई धर्मगुरुओं से सतत मिलते रहते थे।

जहां से वे चुनाव लड़ते थे, वहां बड़ी संख्या में ईसाई रहते हैं।% कुछ साल पहले पोप से मिलने को अपना %सौभाग्य% बतलाते हुए उन्होंने यह भी कहा कि वह उनके लिये यादगार पल था। क्रिसमस में उपहार देने की परम्परा की उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि %सभी को देखना चाहिये कि आने वाली पीढ़ी को कैसे बेहतर धरती का उपहार दे सकते हैं।% उन्होंने यह भी कहा कि %पवित्र बाइबिल बतलाती है कि भगवान ने हमें जो कुछ दिया है वह दूसरों की सेवा के लिये इस्तेमाल करना चाहिये।% मोदी ने इसे ही %सेवा परमो धर्म% से निरूपित किया। मोदी ने दर्शन के स्तर पर जाकर कहा कि %यह संयोग की बात है कि सभी धार्मिक ग्रंथ परम सत्य को जानना चाहते हैं। %सभी धर्मों के समन्वय% के माध्यम से उन्होंने 21वीं सदी के भारत को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का मार्ग भी बतलाया%। उन्होंने भरोसा दिलाया कि उनकी सरकार अपनी योजनाओं के लाभों को सभी वर्गों तक पहुंचाने के लिये कटिबद्ध है जिनमें %ईसाई समुदाय के गरीब व वंचित लोग% भी शामिल हैं।मोदी का यह बयान ईसाइयों को लेकर सम्भवत- पहला है। पिछले 10 वर्ष प्रधानमंत्री के रूप में और उसके पहले तीन बार गुजरात के सीएम रहने के दौरान उन्होंने इस अल्पसंख्यक समुदाय के साथ अपनत्व की बातें लोगों को नहीं बतलाई थीं। इसलिये माना जा सकता है कि उनका ईसाइयों से यह पुराना रिश्ता वैसा ही है जिस प्रकार का कई अनेक समुदायों, प्रदेशों, क्षेत्रों से रहता आया है। यहां तक कि मुसलमानों के साथ भी। वे बतला चुके हैं कि उनके एक मित्र अब्बास उनके घर में रहते थे जिन्हें उनकी दिवंगत माताजी पकवान बनाकर खिलाती थीं। हालांकि इस अब्बास मियां को दुनिया वैसी ही ढूंढ रही है जिस प्रकार से लोग वडनगर रेलवे स्टेशन पर उनके हाथ से चाय पीने वालों को खोज रहे हैं या उनके साथ एंटायर पोलिटिकल साइंस में एमए करने वाले सहपाठियों और उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षकों को। अब दिग्भ्रमित मोदी समर्थकों और आईटी सेल के कर्मचारियों के लिये नया टास्क है कि वे मोदी की उन तस्वीरों को निकाल लायें जिनमें वे मुख्यमंत्री रहने के दौरान ईसाई धर्मगुरुओं या मसीहियों से चर्चा कर रहे हैं। जाहिर है कि फोटोशॉप तकनीक से ही इसका जुगाड़ हो सकेगा।खैर, मुद्दा यह है कि अगर उनके अनुभव इस छोटे से परन्तु शांतिप्रिय समुदाय के साथ इतने आत्मीय रहे हैं तो वे उस विचारधारा के साथ कैसे जुड़ गये जो इनके प्रति गहन नफ़रत का भाव रखती है? राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से ज्यादातर वे ही लोग जुड़ते हैं जो अल्पसंख्यकों व ईसाइयों के प्रति बेतरह बैर भाव रखते हैं। मोदी का जुड़ाव भी सम्भवत- इसी आधार पर हुआ होगा। एक कार्यकर्ता के रूप में हो सकता है कि उनकी सीमाएं रही हों लेकिन पहले सीएम और बाद में देश के सबसे ताकतवर पीएम के रूप में वे ईसाइयों के प्रति घृणा भाव रखने वाले अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों का हृदय परिवर्तन क्यों नहीं कर रहे हैं? आज तो पूरा संगठन, यहां तक कि आरएसएस भी उनकी मुट्ठी में है। पिछले करीब सौ वर्षों से संघ इस समुदाय के लोगों पर हिन्दू संस्कृति नष्ट करने का आरोप लगाता आया है। जितनी भी जगहों पर इस समुदाय के लोगों पर अत्याचार हुए हैं, ज्यादातर में इन्हीं संगठनों के लोगों की भूमिका रही है, फिर वह चाहे ग्राहम स्टेंस को उनके बच्चों समेत जला देना हो या फिर चर्चों में तोड़-फोड़ करना या उन्हें जलाना हो।संघ-भाजपा के लोगों की दृढ़ मान्यता है कि ये लोग हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन कराते हैं। मोदी अपने लोगों को यह समझाने में सक्षम हैं कि इस समुदाय के लोगों के प्रति उन्हें भाई-चारा बनाकर रखना चाहिये। हाल के वर्षों में देश भर के सैकड़ों चर्चों को नष्ट किया गया है। उनके अनेक धर्मगुरुओं पर हमले हुए हैं। कई स्थानों पर तो कई पीढ़ी पहले ईसाई बन गये लोगों को वापस हिन्दू धर्म में लाया जा रहा है। मणिपुर की घटना को भला कौन भूल सकता है जिसमें ईसाई बन गये कुकी आदिवासियों के साथ बेइंतिहा जुल्म ढाये गये। उनके घरों को जलाया गया, दो महिलाओं को नग्न कर उनकी परेड निकाली गयी, हजारों बेदखल हो गये। फिर भी इस धर्म के अनुयायियों के साथ लगाव का दावा करने वाले मोदी चुप रहे। संक्षिप्त सा, कुछ मिनटों के लिये वे बोले भी तो इसलिये क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी कि अगर उनकी सरकार ने कुछ न किया तो वह खुद कोई कार्रवाई करेगी।

यह किसी भी राष्ट्राध्यक्ष के लिये बहुत शर्म की बात होगी कि इसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनी गई। भारत में धार्मिक स्वतंत्रता को बड़ा खतरा बताया गया और इस सूचकांक पर विश्व इंडेक्स में देश की बड़ी फिसलन दर्ज हुई है। यूरोपीय संघ ने इसके खिलाफ़ आवाज़ उठाई और मोदी से उनकी अमेरिका यात्रा के दौरान सवाल किये गये। यह अलग बात है कि उन्होंने इसका गोलमोल उत्तर दिया और इस पर तो आश्वासन तक नहीं दिया जब उनसे पूछा गया कि क्या वे इस बाबत कोई कार्रवाई करेंगे। वैसे भी मोदी सहित उनके पूरे वैचारिक कुनबे को भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि, आजादी के बाद से देश की घोषित धर्मनिरपेक्षता की नीति तथा समावेशी चरित्र पर हमेशा से आपत्ति रही है। मुस्लिम एवं ईसाई उनकी आंखों में विशेष रूप से खटकते हैं। ये दो समुदाय ही मोदी शासन काल में सर्वाधिक निशाने पर आये हैं जिसे लेकर उनकी सरकार ने कभी कोई कड़े कदम नहीं उठाये। इससे साफ संदेश गया है कि इन पर होने वाली हिंसा, उत्पीड़न और अत्याचार सरकार पोषित-समर्थित है। मोदी को अगर ईसाई समुदाय; और पहले जैसा वे कह चुके हैं, मुस्लिम भी- तो इन दोनों की सुरक्षा व उनके विकास की जिम्मेदारी उन्हें दिखने लायक उठानी होगी। जुबानी जमा-खर्च से काम नहीं चलेगा।

शायद मोदी का यह बयान एक ओर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संतुष्ट करने के लिये है, तो वहीं आगामी वर्ष के मध्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र वे इस समुदाय को साधने की कोशिश कर रहे हैं। वैसे उनके प्रयासों को बहुत सफलता मिलने की इसलिए उम्मीद नहीं है क्योंकि लोग देख रहे हैं कि एक ओर तो मोदी हमेशा की तरह इस समुदाय के साथ आधारहीन होकर व खुदगर्जी के चलते नाता जोड़ रहे हैं, तो दूसरी ओर उनके समविचारी कहीं सांताक्लाज़ के पुतले जला रहे हैं या क्रिसमस के रंग में भंग करने पर आमादा हैं। अगर यह बात सच है कि मोदी के ईसाइयों से अच्छे ताल्लुक रहे हैं तो उनकी सुरक्षा व सम्मान को बरकरार रखा जाये।

## संपादकीय

# संसद के सवाल और विपक्ष का दायित्व

एनडीए सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम शीतकालीन सत्र कई सुलगते सवालों को छोड़ गया है। इन सवालों के जवाब अभी गंभीरता से नहीं तलाशे गए, तो फिर देश में लोकतंत्र और संसदीय परंपराओं को उखड़ने से रोक पाना कठिन हो जाएगा। संसद पर हमला, 146 सांसदों के निलंबन के बाद अब ये तथ्य भी सामने आया है कि संसद में दोनों सदनों में विपक्ष के सांसदों द्वारा पूछे गए 264 सवालों को प्रश्नों की सूची से हटा दिया गया है। ये तमाम बातें भारत के संसदीय इतिहास में पहली बार ही हो रही हैं। 76 साल की आजादी और लोकतंत्र के दीर्घ अनुभव के बाद संसदीय कामकाज में परिपक्वता, धैर्य और संयम दिखाई देने चाहिए थे, लेकिन फिलहाल लग रहा है कि हमें संसदीय तकाजे का ककहरा फिर से सीखना पड़ेगा।गौरतलब है कि इस शीतकालीन सत्र में संसद पर एक और हमले की कोशिश की गई थी। एकबारगी यह हमला मौजूदा सरकार की नीतियों और फैसलों के खिलाफ दिखाई देता है। लेकिन अगर देश के एक तबके में भाजपा के शासन को लेकर इतनी अधिक नाराजगी व्याप्त है कि उसके लिए संसद पर हमले का दुस्साहस किया जाए, तो फिर यह नाराजगी चुनावी नतीजों में क्यों नहीं दिखाई देती। क्या संसद पर हमला करने वाले जानते नहीं थे कि इसका अंजाम क्या होने वाला है। क्या कानून की कड़ाई का अंदाज होने के बावजूद उन्होंने इस जोखिम को उठाया और अपना भविष्य, जीवन सब कुछ खतरे में डाला। कुछ लोगों का पूरे योजनाबद्ध तरीके से संसद के बाहर और भीतर आकर विरोध दिखाना किसी नजरिए से मामूली घटना नहीं है, लेकिन इस पर सरकार का रवैया देखकर यह लग ही नहीं रहा कि उसे किसी बात की चिंता हुई हो। क्या भाजपा अपने बहुमत को कवच इस कदर अभेद्य मानने लगी है कि उसे इस बात से भी फर्क नहीं पड़ रहा कि दो लोग संसद के भीतर आकर धुआं छोड़ गए।संसद पर हमले को लेकर भाजपा सरकार का रवैया जितना आश्चर्यजनक रहा, उससे कहीं अधिक आश्चर्य यह देखकर हुआ कि गृहमंत्री से सदन में जवाब की मांग कर रहे विपक्ष के 146 सांसदों को दो-तीन दिन के भीतर निलंबित कर दिया गया। सदन पर हुए हमले का जवाब अगर सदन में नहीं मांगा जाएगा, तो फिर उसके लिए कौन सी अन्य जगह उपयक्त है, यह भी भाजपा को बता देना चाहिए। भग डेढ़ सौ सांसदों का निलंबन काफी नहीं था कि संसद के दोनों सदनों की सूची से उन 264 सवालों को भी हटा दिया गया, जो विपक्षी सांसदों ने पूछे थे। सरकार से पूछा जाना चाहिए कि क्या इन सवालों से भी सदन की कार्रवाई में व्यवधान पड़ रहा था। उल्लेखनीय है कि सांसदों के निलंबन के बाद लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि निलंबन अवधि के दौरान सांसदों के नाम के तहत सूचीबद्ध किसी भी कार्य या उनके द्वारा पेश किए गए नोटिस पर विचार नहीं किया जाएगा।

संसद के प्रश्नकाल और शून्यकाल सांसदों को प्रश्न पूछने और सरकार के खिलाफ विचार व्यक्त करने की अनुमति देते हैं। इससे पहले भी विभिन्न सत्रों में सांसदों के निलंबन होते रहे हैं, लेकिन ऐसा शायद ही कभी हुआ हो कि निलंबन के साथ ही सांसदों के सवाल उठाने के संवैधानिक अधिकार को भी खत्म कर दिया गया है।ऐसा नहीं है कि खारिज किए गए सभी 264 सवाल संसद की सुरक्षा के मसले से ही जुड़े थे, अगर जुड़े होते तब भी सरकार को इनका जवाब देना चाहिए था।


लेकिन ये सवाल जनता के हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर आधारित थे। जैसे राजद सांसद मनोज झा ने शिक्षा मंत्रालय से दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षकों के %बड़े पैमाने पर हटाने' संबंधी सवाल किए थे। माकपा के सांसद जॉन ब्रिटास ने समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन पर कानून मंत्रालय से जानकारी मांगी थी।

मगर अब इनका जवाब देने से मौजूदा सरकार बच गई है। सांसदों के निलंबन की कार्रवाई तो बाद में हुई, लेकिन संसद के नियमानुसार ये सवाल लगभग दो सप्ताह पहले ही लिखित में दिए जा चुके थे। फिर इन्हें सूची से हटाना क्या न्यायोचित कहा जा सकता है।कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जंतर-मंतर पर किए गए प्रदर्शन के दौरान कहा था.

# सर्वसम्मति बनाने वाले नेताओं में महान थे अटल बिहारी वाजपेयी

संभवत- बहुत कम नेताओं ने यह समझा कि लोकतंत्र मतभेदों के साथ-साथ चलता है, हालांकि इस प्रक्रिया में, लोगों के प्रतिनिधियों के बीच किसी भी तरह की मित्रता को खोने की जरूरत नहीं है। केवल कुछ मुट्ठी भर लोग ही ऐसे थे जो विविधता का बहुत सम्मान करते थे। वाजपेयी समझते थे कि भारत बेजोड़ विविधता का देश है। यह उसके भूगोल, सामाजिक संरचना, राजनीतिक परिदृश्य और उसके सांस्कृतिक जीवन में परिलक्षित होता है।

ऐसे बहुत से नेता नहीं हैं जिन्हें उनके अनुयायी और राजनीतिक विरोधी तब भी आदर की दृष्टि से देखते हों, जब वे नहीं रहे हों। दिवंगत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी इसी प्रतिष्ठित समूह से हैं। एक महान सर्वसम्मति निर्माता, जिनकी 99वीं जयंती 25 दिसंबर है, ने अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराओं के गठबंधन को एक विजयी संयोजन में बदल दिया था। इससे कोई फक.'नहीं पड़ता कि वह कार्यालय की मुहर लगा रहे थे या विपक्षी बेंच में बैठे थे, जब भी वाजपेयी बोलने के लिए खड़े होते थे, राजनीतिक विभाजन से ऊपर उठकर सांसद उन्हें सुनते थे।एक महान वक्ता, यदि कभी कोई था, तो उसने संसदीय लोकतंत्र के उच्च मानकों से जरा भी विचलित हुए बिना उस राजनीतिक विचारधारा के बारे में बात की थी जिसका वह समर्थन करते थे। यह चीन नीति पर प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर कटाक्ष कर सकते थे या दिवंगत प्रधानमंत्री के परपोते राहुल गांधी को संसद की पुरानी बातें याद दिला सकते थे, जिसके दौरान वह एक जनसंघ नेता और भाजपा के अग्रणी नेता थे। संसदीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाये बिना नेहरू-गांधी परिवार की चार पीढ़ियों के सदस्यों के सा कई बार उनका वाकयुद्ध हुआ।संभवत- बहुत कम नेताओं ने यह समझा कि लोकतंत्र मतभेदों के साथ-साथ चलता है, हालांकि इस प्रक्रिया में, लोगों के प्रतिनिधियों के बीच किसी भी तरह की मित्रता को खोने की जरूरत नहीं है। केवल कुछ मुट्ठी भर लोग ही ऐसे थे जो विविधता का बहुत सम्मान करते थे। वाजपेयी समझते थे कि भारत बेजोड़ विविधता का देश है। यह उसके भूगोल, सामाजिक संरचना, राजनीतिक परिदृश्य और उसके सांस्कृतिक जीवन में परिलक्षित होता है।इसी सराहना ने वाजपेयी को एक उत्कृष्ट राजनीतिज्ञ और महान प्रधानमंत्री बनाया। यह वही व्यक्ति थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके नेतृत्व वाली सरकार की कुछ नीतियों के प्रति अपने विरोध को दरकिनार करते हुए, 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की शानदार जीत के बाद इंदिरा गांधी को %देवी दुर्गा% के रूप में संदर्भित किया था।उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री पर इस टिप्पणी के लिए पार्टी के अंदर की आलोचना को दरकिनार कर दिया। यह वही



व्यक्ति थे जिन्होंने पहली गैर-कांग्रेसी व्यवस्था के हिस्से के रूप में उस कार्यालय के नये अधिकारी के रूप में अपना स्थान लेने के बाद विदेश मंत्री के कार्यालय की शोभा बढ़ाने वाले नेहरू के चित्र को हटाने से इनकार कर दिया था।वाजपेयी कभी भी ऐसे व्यक्ति नहीं थे जो अपने वर्तमान उत्तराधिकारी की तरह %कांग्रेस मुक्त भारत% की बात करते हों। यह उसके लिए अहंकारपूर्ण, अनुचित और अदूरदर्शी होता। दूसरों पर पूर्ण प्रभुत्व स्थापित करना कभी भी वाजपेयीजी का गुण नहीं था। कोई भी समुदाय या संगठन ऐसा करने में कभी सफल नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री के रूप में वाजपेयीजी का पहला कार्यकाल 13 दिनों का था। वह इस कार्यालय में 13 महीने तक बने रहने के लिए लौटे और फिर उनका एक पूर्ण कार्यकाल सभी को साथ लेकर चलने की उनकी नीति का सूचक है। यदि उनमें से कुछ, जैसे कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी जो बाद में अलग हो गयीं, का झगड़ा कभी भी वाजपेयी के साथ नहीं था। चाहे अपने मंत्रिमंडल में उनका स्वागत करना हो या कालीघाट में उनके खपरैल की छत वाले घर में कदम रखना हो, उनका व्यक्तित्व हमेशा आकर्षक रहा।वाजपेयी धर्मनिरपेक्षता में विश्वास रखते थे। और यह अल्पसंख्यक वोटों को हथियाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली धर्मनिरपेक्षता से भिन्न था। न ही यह धर्मनिरपेक्षता का कोई ब्रांड था जो किसी धार्मिक समुदाय को बदनाम करता हो। यह अपने आप में सहज था जो लोकतंत्र और विविधता का स्वाभाविक परिणाम था। वाजपेयी ने कभी भी अपने हिंदू होने को स्वीकार करने से इनकार नहीं किया।

फिर भी उनके कुछ राजनीतिक विरोधियों ने इसे नजरअंदाज कर दिया, जिन्होंने भाजपा पर सांप्रदायिक पार्टी के रूप में हमला करना कभी नहीं छोड़ा। वे इस बात से अनभिज्ञ थे कि उनके भाषण से भाजपा को अधिक से अधिक हिंदू वोट जुटाने में मदद मिली। यह वाजपेयीजी की दूरदर्शिता का प्रतीक है कि उन्होंने 1980 में भाजपा की स्थापना के समय उसकी वैचारिक प्रतिबद्धताओं में से एक के रूप में %सकारात्मक धर्मनिरपेक्षता% को शामिल करने पर जोर दिया था। किसी भी सच्चे हिंदू की तरह वह कभी भी इस्लाम विरोधी नहीं थे।1998 के परमाणु परीक्षण ने वाजपेयीजी का सख्त पक्ष दिखाया। फिर कारगिल युद्ध आया जब अपनी सरकार के मुखिया के रूप में उन्होंने दुश्मन को हराने और वापस खदेड़ने में पूरी तरह से सेना का समर्थन किया।युद्ध के महज एक साल पहले वह लाहौर जाने वाली बस में थे। वाजपेयी ने कहा था कि कोई भूगोल नहीं बदल सकता; उसने एक दुश्मन से दोस्ती करने की कोशिश में इतिहास बदलने की कोशिश की। यह वही व्यक्ति थे, जो कुछ साल पहले नरसिम्हा राव सरकार के साथ थे, जब भारत को पाकिस्तान की साजिशों को हराने के लिए संयुक्त राष्ट्र में एक मजबूत और एकजुट आवाज की जरूरत थी।शब्दों के विशेषज्ञ, वाजपेयीजी इस काम के लिए सही व्यक्ति थे, जो अपनी भाषा को संगठित कर सकते थे और अपने देश के लिए स्थितियों को लाभप्रद मोड़ दे सकते थे। उन्हें विपक्ष में बैठने और प्रधानमंत्री कार्यालय को सुशोभित करने वाले सबसे रहस्यमय नेताओं में से एक के रूप में याद किया जायेगा।

# सभी एसडीएम को उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना /शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित धान खरीदी कार्य के सुचारु संचालन, केद्रों की सतत निगरानी और क्रय-विक्रय के संबंध में समस्याओं के तात्कालिक निराकरण के लिये जिला स्तरीय उपार्जन समिति की तरह सभी अनुभागों में उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति गठित है। उपखंड स्तरीय समिति में एसडीएम को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत डॉ परीक्षित झा? ने सभी एसडीएम को उपखंड स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक करने एवं उपार्जन में प्रगति लाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इन समितियों में उपखंडो से संबंधित सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को सदस्य सचिव तथा अनुविभागीय अधिकारी (कृषि), सहकारिता विस्तार अधिकारी, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, गोदाम प्रभारी मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन, वेयर हाउस लॉजिस्टिक एवं सचिव कृषि उपज सतना को समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है।

# जन-जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने जिले में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

पुष्पांजलि टुडे राजेश कुमार तिवारीब्यूरो चीफ सतना

सतना भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार सतना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की क?ी में शुक्रवार को नागौद विकासखंड में रीछुल, दतुनहा, सोहावल विकासखंड में इटमा, धौरहरा, मझगवां विकासखंड में चितहरा, बरहा, खोढरी, गुझवा, उचेहरा विकासखंड में लालपुर, नन्दहा तथा रामपुर बघेलान विकासखंड में ग्राम करमऊ और सिजहटा पहुंची। इस दौरान रंगोली एवं पुष्पमालाओं से यात्रा का स्वागत किया गया। विकासखंड मझगवां की विकास यात्रा में विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार ने उपस्थित जनसमुदाय को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों को विभिन्न केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिये। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और शासकीय अधिकारियों द्वारा यात्रा का उद्देश्य और शासकीय योजनाओं के बारे जन सामान्य द्वारा जानकारी दी गई। ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान यात्रा के आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। शिविर के दौरान ग्राम पंचायतों सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाकर प्रधानमंत्री जी के संदेश को दिखाया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया

# बड़ागांव तहसील अंतर्गत गांव बीरनगर की रहने वाली हरबू कुशवाहा हुई लापता



विवेक राय की खास रिपोर्ट

बीरनगर सूचना है कि हल्कीबाई उर्फ हल्ली कुशवाहा पति जगदीश कुशवाहा उम्र 35 साल निवासी सुहारा थाना बमनोरा ने मय अपने ल?के नीतेश कुशबाहा के साथ थाना आकर बताया कि मैं अपने परिवार सहित वर्तमान मे दिल्ली में काम करती हूं वहीं रहती हूं मेरी मां हरबू कुशवाहा पति नथुआ कुशवाहा उम्र 65 साल कि मेरे भाइयों एवं पिता के साथ अपने घर वीर नगर में रहती थी मुझे दिनांक 17/12/23 को मेरे भाई रामचरन कुशवाहा ने फोन करके बताया कि मेरी मां हरबू कुशवाहा सुबह करीब 5 बजे घर से बिना किसी को बताये कही चली गयी है जो मैने व मेरे भाईयो ने आस पढोस रिश्तेदारों के यहां पता किया जो मेरी माँ हरबू कुशवाहा के बारे मे कोई जानकारी नहीं लगी है मेरी माँ का हुलिया रंग गेहूँआ कद करीब 5 फुट चेहरा लंबा है पीले रंग की साडी सफेद रंग का बलाऊस पहने थी मै आज दिनांक 29/12/23 को दिल्ली से वापस आकर रिपोर्ट करने आयी हूं

# भिण्ड जिले की अटेर तहसील में कागजों में हो रहे हैं काम जिनका जमीनी स्तर पर नहीं है कोई नाम।



अरूण शुक्ला रिपोर्टर

भिण्ड। अटेर तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम भुजपुरा के धार का पुरा में एक सड़क जिसकी लंबाई शासन द्वारा 300 मीटर ऑकी गई थी जिसकी स्वीकृति दिनांक 15/8/2017 थी जो कि पूर्व सरपंच रामदत्त एवं सचिव राम रतन जाटव तथा इंजीनियर लोकेंद्र वर्मा की देखरेख में बनाई जा रही थी। परंतु देखने में यह आया है कि कागजों में तो यह रोड बनाकर पूरी तैयार हो चुकी है एवं इसका लोकार्पण भी हो चुका है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है क्योंकि ऑन पेपर तो यह रोड बनकर तैयार हो चुकी है लेकिन जमीन पर इस पक्की रोड का कोई नामोनिशान नहीं है इस संबंध में ग्रामीण जनों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज करवाई गई परंतु सरपंच द्वारा शिकायत को बंद करवा दिया गया और ग्रामीण जनों को इंजीनियर द्वारा यहां तक कह दिया गया कि अब आपकी रोड नहीं बन पाएगी आपको जहां भी हमारी शिकायत करनी है कर दीजिए हमें कोई भी फर्क नहीं पड़ता है इस संबंध में जब ग्रामीण जन परेशान होकर जिला पंचायत सीईओ के पास गए तो जिला पंचायत सीईओ द्वारा भी कोई संतोषजनक जवाब उनको नहीं मिला परेशान होकर ग्रामीण जिलाधीश महोदय के पास भी गए उनका आवेदन भी दिया लेकिन आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है।

# वासु चौबे ने 15 सौ से अधिक तबला वादकों के बीच प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया

रीतेश अवस्थी पुष्पांजली टुडे

दमोह। मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित तानसेन समारोह ग्वालियर 2023 में ताल दरबार कार्यक्रम अंतर्गत विद्यालय के छात्र वासु चौबे ने 15 सौ से अधिक तबला वादकों के बीच प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया हैं। ज्ञात हो कि ग्वालियर में 25 दिसंबर 2023 को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव रहे। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य आर पी कुर्मी, मुकेश कुमार विश्वकर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार ने छात्र के स्वर्णिम प्रगतिशील भविष्य की कामना करते हुए बधाईयां प्रेषित की।

# सद्भावना के सिपाही टीम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान,30 बेटियों को स्वेटर दी गई



पुष्पांजलि टुडे
राजेश कुमार तिवारी
ब्यूरो चीफ सतना

सतना-सद्भावना के सिपाही टीम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत श्रीमती जान्हवी त्रिपाठी बाल कल्याण समिति सतना के मुख्य अतिथि में बेटियों को सिविल लाइन हाई स्कूल में 30 बेटियों को स्वेटर प्रदान किए गए संयोजक उमेश साहनी ने बताया कि पिछले 6 वर्षों की भांति 30 जरूरतमंद बेटियों को गरम स्वेटर प्रदान कर सम्मानित किया गया इस नेक काम में सतीश सचदेवा प्रिंस टंडन सुनीता साहनी मम्मू वासवानी अरुण अग्रवाल बृजेश नारंग अभिषेक लाल गुप्ता सरला जौली राकेश केसरवानी का आर्थिक योगदान रहा कार्यक्रम में प्राचार्य टी0पी0शुक्ला डॉ हेमंत डेनियल जानवी साहू नीता सोनी आभा विश्वास जानवी दामोदर त्रिपाठी चांदनी श्रीवास्तव संजय गुप्ता माधवगढ़ अमृतलाल होतचंदानी संजय अग्रवाल कृष्ण कांता सिंह रचना मिश्रा प्रतिभा चौबे अवनीश गर्ग नीलम मिश्रा डॉ भारती पांडे समता सिंह सत्य प्रकाश त्रिपाठी हीरामणि पांडे प्रदीप अहिरवार आदि स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया

# थाना देहात पुलिस ने 7 वर्षीय बालिका को 12 घण्टे में खोज निकाला

## बच्ची को परिजनों को किया सुपुर्द, परिजन के खुशी से छलके आंसू



पंकज त्रिपाठी
दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार उईके के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह के नेतृत्व में दिनांक 28/12/23 को प्रातः 11 बजे अपने घर से शौच के लिये सामने प्लाट में गयी नाबालिग 7 वर्षीय लडकी गुम हो गयी थी। जिसे पुलिस ने 12 घण्टे के अन्दर ढूंढकर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।दिनांक 29/12/23 को फरियादी पूनम नि0 सुन्दरपुर इकदिल इटावा उ. प्र. हाल बुद्ध नगर जामना रोड भिण्ड द्वारा रात्रि 10 बजे उपस्थित थाना आकर बताया कि मेरी 7 वर्षीय लडकी शौच के लिये सामने प्लाट पर सुबह 11 बजे गयी थी जो वापस नहीं आयी है। लडकी को आसपास घूम फिर कर खूब तलाशा नहीं मिली। फरियादी की सूचना को थाना प्रभारी देहात निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह ने गम्भीरता से लेते हुये पुलिस टीम गठित कर बच्चे की तलाश हेतु रवाना किया एवं स्वयं भी बच्चे की कंट्रोल रूम भिण्ड व सीसीटीवी कंट्रोल रूम को हरकत में लेकर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। थाना देहात पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार बिना रात्रि विश्राम किये प्रातः 10 बजे ग्राम रतनूपुरा से खोज निकाला। बाद लडकी को उसके माता पिता को सुपुर्द किया तो बच्ची के पिता के आंखो से आंशू छलक आये उसने भिण्ड पुलिस का आभार व्यक्ति किया।उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार,थाना देहात प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह , उनि अजय यादव, नागेश शर्मा, रविन्द्र मांझी, लक्ष्मण किशोर गुबरेले, सउनि बीरेन्द्र बरैया, भानुप्रताप यादव, विनोद सोलंकी, रामेश्वर दयाल भारती, सुरेश पाराशर, प्रआर सुनील पाण्डेय, गुरूदास, सोनेन्द्र, मृगेन्द्र जादौन, सुमित तोमर, नवीन पचौरी, नरेन्द्र कुशवाह, हरवीर गुर्जर, केशव भदौरिया, दिनेश अवस्थी, विजय जयंत, राजेश गर्ग, नीरज भदौरिया, आर ज्ञानेन्द्र मिश्रा,सन्दीप राजावत, मनीष राजौरिया,बृजनन्दन, सुभाष तोमर, सोनू दुबे,सतेन्द्र सिंह,योगेन्द्र भदौरिया, रवि यादव,अभिषेक गुप्ता, ओपी यादव,मदन गोपाल,राजकुमार लोधी,भूपेन्द्र सिंह,राहुल तोमर,राहुल शुक्ला तथा सउनि सत्यवीर सिंह,आनन्द दीक्षित सायबर सेल भिण्ड की महत्वपूर्ण भूमिक रही ।

# भिण्ड जिले में विचाराधीन फोती शस्त्र लायसेंस अतंरण की सुनवाई 2 जनवरी को

दैनिक पुष्पांजली टुडे

आवेदक अपने दस्तावेजों सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय भिण्ड में रहें उपस्थितभिण्ड । भिण्ड जिला अतंर्गत फोती शस्त्र लायसेंस अतंरण हेतु लगभग 156 आवेदकों के आवेदन पत्र कार्यालय जिला दण्डाधिकारी, (आर्म्स शाखा) जिला भिण्ड में विचाराधीन है। उक्त आवेदन पत्रों पर दिनांक 02 जनवरी 2024 को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय जिला भिण्ड में जनसुनवाई के दौरान सुनवाई की जावेगी। सर्व संबंधित आवेदक अपने दस्तावेजों सहित निर्धारित समय व दिनांक को उपस्थित रहें।

# राज्यमंत्री ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण






पुष्पांजलि टुडेराजेश कुमार तिवारीब्यूरो चीफ सतना

सतना राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को सतना प्रवास के दौरान सरदार बल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय पहुंचकर विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से कुशलक्षेम पूंछते हुये इलाज व्यवस्था की जानकारी ली। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने सबसे पहले जिला अस्पताल के प्रसूति वार्ड से अपना निरीक्षण प्रारंभ किया। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने जिला चिकित्सालय के प्रत्येक वार्ड में जाकर मरीजों से रुबरु चर्चा की और मरीजों को मिलने वाली उपचार सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री ने वार्ड के शौचालय में गंदगी देख कर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुये अस्पताल प्रबंधन तथा सफाई ठेकेदार को अस्पताल के सभी शौचालयों और वार्डों की सफाई नियमित और दिन में कई बार करने के सख्त निर्देश दिये। राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि प्रसूति वार्ड में गंभीर हालत में प्रसूति महिलायें भर्ती होती हैं। शौचालय में गंदगी होने से उनमें संक्रमण का खतरा अधिक रहता है, इसलिये खासतौर पर प्रसूति वार्ड के शौचालयों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। राज्यमंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को आगाह करते हुये कहा कि प्रत्येक सप्ताह में प्रवास के दौरान जिला चिकित्सालय का स्वयं निरीक्षण करेंगी। अस्पताल की इलाज व्यवस्था, मरीजों और उनके परिजनों की सुविधाओं तथा साफ-सफाई में लापरवाहीं नहीं मिलनी चाहिये। अन्यथा की स्थिति में संबंधितों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने जिला अस्पताल के एएनसी, पीएनसी, एसएससीयू, सर्जिकल वार्ड, महिला मेडीकल सहित सभी वार्डों का निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ केएल सूर्यवंशी, आरएमओ डॉ अमर सिंह, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील पांडेय, डॉ आलोक खन्ना, डॉ प्रवीण श्रीवास्तव सहित अस्पताल के स्टाफ उपस्थित रहे।

# नव नियुक्त राज्य मंत्री का भव्य स्वागत जेसीबी से हुई पुष्प वर्षा एवं क्रेन से पहनाई गयी माला

रीतेश अवस्थीपुष्पांजली टुडे

दमोह। मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बनाए गए जबेरा विधानसभा से दूसरी बार के विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी के प्रथम नगर आगमन पर उनके निज ग्राम नोहटा पहुंचने के पूर्व 17 मील चौराहे पर युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष आदित्य राय जिला मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन के नेतृत्व में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस स्वागत कि खाश बात यह रही कि यहाँ लोगों ने जेसीबी पर खड़े होकर फूल बरसाए और सामने से क्रेन के माध्यम से 11 किलो की फूलमाला नवनियुक्त मंत्री को पहनाकर उनका स्वागत किया गया एवं जयकारे लगाए। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह ने मतदाताओं का आभार



माना। राहुल कुमार जैन ने बताया कि धर्मेंद्र लोधी विधायक बनने से पहले अतिथि शिक्षक के रूप में अपने गांव के स्कूल में पढ़ाने जाते थे, इनके पिता भावसीग मासाब भी एक शिक्षक थे और उन्होंने अपने बच्चों की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी जिसका नतीजा यही है कि भावसिंह मासाब के तीनों बेटे आज अपने पैरों पर खड़े है, सबसे बड़े बेटे धर्मेंद्र मंत्री बनकर जनता की सेवा में लगे है, तो नितेंद्र और सत्येंद्र सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर विदेश में नौकरी कर रहे हैं। इनकी एक बेटी भी है जो गुजरात में केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक हैं। मंत्री धर्मेंद्र लोधी को अपने पिता भाव सिंह मासाब से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की रीति नीति की शिक्षा मिली उसी का अनुसरण करते हुए वह भी संघ के अनुशासित कार्यकर्ता बने रहे। उन्होंने नागपुर के संघ कार्यालय से वर्ष 2007 में तृतीय वर्ष का विशेष प्रशिक्षण लिया। 5 सितंबर 1978 जन्मे धर्मेंद्र शुरू से ही पढ़ने में होशियार थे उन्होंने क्लस्ट गणित, रूहिंदी, क्लष्ठ और क्लक्ष्ष्ठ की पढ़ाई की। जबेरा विधानसभा में बेरोजगारी और पलायन सबसे बड़ी समस्या है, यहां के कार्यालयों में भ्रष्टाचार भी एक बड़ी समस्या है, आगामी दिनों में इन समस्याओं को दूर करना मंत्री लोधी के लिए बड़ी चुनौती होगी। इलाके में ऐसे अनेक गांव है जहां बिजली पानी और सड़क की समस्या है हालांकि जल जीवन मिशन योजना से घर घर पानी तो पहुंच गया है जबकि कुछ इलाके अभी भी समस्या से ग्रसित हैं। राज्यमंत्री धर्मेंद्र की पहली प्राथमिकता है की घर घर पानी के साथ हर एक खेत तक भी पानी पहुंचे ताकि प्रत्येक किसान समृद्ध और सुखी हो सके।

## थाना कोतवाली गौवंश वध रोकथाम मे सक्रिय

# थाना कोतवाली ने गौ वंश वध करने के उद्देश्य से गाय को ले जा रहे एक आरोपी को किया गिरफ्तार,गौवंश अधिनियम के तहत की गयी कार्यवाही एवं दो गाये, एक बछडे को थाना लाया गया

पुष्पांजली टुडे



दमोह। पुलिस अधीक्षक दमोह के द्वारा गौवंश संरक्षण एवं गौवंश वध रोकथाम हेतु लगातार दबिश एवं कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया था इसी तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली विजय सिंह राजपूत के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की सीतावावली से कसाई मंडी तरफ एक व्यक्ति गले व पैर मे रस्सी बांध कर काटने के उद्देश्य से ले जा रहा है जिसे कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को पकडकर नाम पता पूछा जिसने अपना नाम आफताफ उर्फ मजीत पिता जुम्मन खान उम्र 20 साल निवासी नूरी नगर दमोह का होना बताया जिसकी तलाशी ली गयी। पुलिस के द्वारा आरोपी की तलाश कर कमर में वाये तरफ एक लोहे का चाकू बरामद किया गया एवं आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली मे अप.क्र. 1119/23 धारा 9 म.प्र. गौवंश प्रतिषेध अधिनियम, 10 म.प्र. कृषक पशु. अधि. 11 पशुओ के प्रति क्ररूता का निवारण अधिनियम 25 बी आयुध अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया गया। मुखबिर कि सूचना मिलने पर कसाई मंडी दमोह मे दो गाय एवं एक बछडा बंधे हुये मिलने पर उन्हें कोतवाली पुलिस थाने लाया गया।इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों में थाना प्रभारी कोतवाली विजय सिंह राजपूत, सउनि. गोबिन्द सिह, प्र.आर. डेलन, पंकज, अनेन्द्र तिवारी, आरक्षक प्रताप, जितेन्द्र कि विशेष उपस्थिति रही।

# अस्पताल को बेहतर और व्यवस्थित करने के लिए जो भी आवश्यक सुविधाएं हो मुहैया कराने के प्रयास किये जायेंगे-विधायक जयंत मलैया



रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। अस्पताल को बेहतर और व्यवस्थित करने के लिए जो भी आवश्यक सुविधाएं हो, मुहैया करने के लिए आयोजित बैठक में विधायक जयंत मलैया ने अस्पताल के अधिकारियों से वस्तुस्थिति जानी और कहा की यहां पर जो भी कमियां है और जो आवश्यकता है इसके संबंध में अवगत कराये। वे सारी व्यवस्थाएं यहां पर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा परमात्मा के बाद कोई रूप है जिसे सर्वाधिक मान दिया जाता है वह डॉक्टर होता है। जिला अस्पताल में मरच्यूरी पर डेड बॉडी रखी जाती हैं, उसके लिए बॉक्स की मांग की गई। उन्होंने नगर के व्यवसाईयों से इसकी व्यवस्था करने के लिए कहा तत समय ही व्यापारियों के द्वारा डेढ़ लाख रुपए डेड बॉडी रखने के उपकरण के लिए देने की बात कही गई। श्री मलैया ने जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया नवजात शिशुओं के लिए बनाए गए आईसीयू सहित अन्य वार्डो का अवलोकन किया और यहां की बेहतर व्यवस्थाओं की तारीफ की। नवजात शिशु के लिए बनाए गए आईसीयू अवलोकन कर मलैया ने कहा बहुत ही सुंदर और व्यवस्थित बनाया गया है इसके उपरांत महिलाओं के लिए बनाए गए आईसीयू पहुंचकर उसका भी अवलोकन किया गया। **मलैया ने कहा-** दमोह विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया जिला अस्पताल पहुंचे उन्होंने कहा पहले से बहुत बड़ा और बहुत अच्छा हो गया है। अलग-अलग केयर यूनिट्स बहुत अच्छे से चल रहे हैं। साफ-सफाई की व्यवस्था भी पहले से बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा अभी भी काफी कुछ और होने की आवश्यकता है। एक और 50 बेड का क्रिटिकल पेशेंट के लिए हॉस्पिटल की बिल्डिंग है, वह भी शीघ्र प्रारंभ हो जाएगी और भी बहुत सारे काम है। सभी लोगों से चर्चा हुई है, जो-जो कार्य जिस स्तर पर हो सकते होंगे, उन्हें करने की कोशिश की जायेगी। मलैया ने कहा पूरे जिले के लोग यहां पर आते हैं, जिले की 14 लाख की आबादी है, अब लोग आते हैं और पहले आते थे, तब में और अब में बहुत फर्क है, अब बेहतर हॉस्पिटल है। हालांकि अभी भी स्टाफ की कमी है, वार्ड बॉय से लेकर स्पेशलिस्ट तक की। कोशिश करेंगे की धीरे-धीरे यह कमी भी दूर हो और इसको और बेहतर बनाया जाए।

# कच्ची उम्र में शहीद हो गए पर धर्म नही छोड़ा शिशु मन्दिर मूंगावली में मनाया गया वीर बलिदानी बाल दिवस ओर छत्रपति शिवाजी महाराज के हिन्दवी स्वराज की स्थापना के 350 वे वर्ष का कार्यक्रम

**मुंगावली -दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता जितेंद्र राय**

-दिनांक 16 दिसम्बर से लेकर 25 दिसम्बर तक सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान मध्य भारत प्रान्त की योजना अनुशार छत्रपति शिवाजी महाराज के हिन्दवी स्वराज की स्थापना के 350 वर्ष पूर्ण होने पर पूर्व छात्र परिषद के तत्वाधान में व्याख्यान माला के आयोजन किये गए जिसमे नगर के कई विद्यालयों में शिशु मन्दिर मुंगावली के कई पूर्व छात्र छात्राओं ने जाकर अपने विचार रखे शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक कन्या विद्यालय चन्देरी रोड , स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंड्री स्कूल , बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय , मीरकवाद विद्यालय , मॉडल स्कूल , आदि जगह व्याख्यान माला के कर्यक्रम आयोजित किये गए



इस व्यख्यान माला में शिवाजी के जीवन और उनके संघर्ष के बारे में बतलाया गया कि कैसे उन्होंने मुगलों से युद्ध किये और एक हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की उनके युद्ध कौशल और गोरिल्ला युद्ध नीति के बारे में भी बतलाया गया इन व्यख्यान माला में विद्यालय के प्राचार्य ओर आचार्य सामिल रहे इसी क्रम में 28 दिसम्बर को विद्ययालय में वीर बलिदानी बाल दिवस का कार्यक्रम मनाया गया जिसमे गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों को किस तरह यातनाएं दी गयी कि वह धर्म बदल लें तो उन्हें माफ कर दिया जायेगा पर नन्हें नन्हे बालको ने मर जाना स्वीकार किया पर डरकर धर्म नही बदला बतलाया गया कि किस तरह धर्म के लिए हंसते हंसते दो बेटे गुरु गोविंद सिंह के युद्ध मे शाहीद हो गए और दो बेटों को विधर्मियो ने जिंदा दीवारों में चिनवा दिया था हमे अपने उन महान वीर विभूतियों को याद रखना चाहिए कार्यक्रम के अन्त में भैया बहिनो को बीर बलिदानी बालको की एक लघुफिल्म भी प्रोजेक्टर्र पर दिखायी गयी।

## प्रधानमंत्री जन मन योजना सहरिया परिवारों को शासन की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिया जाएगा हातोद सहरिया बस्ती का निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारी



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- अभी प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की गई है, जिसमें विशेष पिछड़ी जनजातियों को कवर किया जा रहा है। शिवपुरी जिले में सहरिया आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। सहरिया परिवारों को शासन की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ दिया जाएगा। इस योजना के लिए नेशनल एजुकेशन सोसाइटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट के आयुक्त असित गोपाल को प्रदेश समन्वयक नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को आयुक्त असित गोपाल शिवपुरी जिले के भ्रमण पर रहे। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ हातोद ग्राम का भ्रमण किया। सहरिया आदिवासी परिवारों से जानकारी ली। विभिन्न योजनाओं के तहत आदिवासी हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है जिसमें पोषण आहार राशि, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, हर घर नल से जल पहुंच रहा है।हातोद में रहने वाले सहरिया परिवारों द्वारा खेती, पशुपालन और मजदूरी का काम किया जाता है। महिलाएं स्वसहायता समूह से भी जुड़कर काम कर रही हैं।अधिकारियों ने ग्रामीणों से अन्य समस्या भी पूछीं। जिनके आधार कार्ड नहीं बने हैं कैंप लगाकर आधार कार्ड बनाए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड के लिए भी स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए। जाति प्रमाण पत्र, जमीन के नामांतरण, सीमांकन आदि को लेकर मौके पर उपस्थित एसडीम और तहसीलदार को निर्देश दिए हैं। जिनके राजस्व प्रकरण हैं, उन्हें चिन्हित करके एक सप्ताह में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

## शिवपुरी पुलिस की फरार आरोपियों पर कार्यवाही, पुलिस थाना कोलारस द्वारा ट्रैक्टर चोरी मामले मे 5000 रुपये के ईनामी बदमाश को किया गिरफ्तार




**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिह भदौरिया के द्वारा लबिंत अपराधों मे फरार अरोपियों की धर-पकड़ के लिये विशेष अभियान चलाने के लिये आदेशित किया गया था । इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी. कोलारस बिजय कुमार यादव के मार्गदर्शन में दिनांक 28.12.2023 को थाना प्रभारी कोलारस जितेन्द्र सिह माबई के नेतृत्व में थाना कोलारस पुलिस के द्वारा थाना कोलारस के अपराध क्रमांक 312/2019 धारा 379 भा.दं.वि. मे फरार 5000 रू ईनामी बदमाश लल्ला ऊर्फ अजीत पुत्र बकील सिंह गुर्जर उम्र 28 साल निवासी ग्राम बिरूगां थाना सुमावली जिला मुरैना को दिनांक 28.12.2023 को देहरदा चौराहे से गिरफ्तार कर आज दिनांक 29.12.2023 को माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोलारस जितेन्द्र सिह मावई, चौकी प्रभारी लुकवासा एस आई रामराजा तिवारी , प्र.आर. भूपेन्द्र तौमर , प्र.आर. नरेश दुबे , प्र.आर. दिलीप सिंह, प्र आर विशाल सिंह ,आर. पुष्पेन्द्र रावत आर. सौरभ पचौरी आर वीरेन्द्र गुर्जर , आर युधिष्ठबर सिंह आर नाहर सिंह की विशेष भूमिका रही

# करैरा पुलिस द्वारा सूचना पर डकैती की योजना बना रहे 04 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक रघुवंश कुमार सिंह जी के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन, अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक संजीव मुले जी के निर्देशन एवं एस.डी.ओ.पी. महोदय शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन मे दिनांक 28.12.2023 को रात्रि में थाना करैरा पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक क्रेटा कार क्र0 स्क्ष09 ष्टस्6620 में हथियार बंद पांच बदमाश कलोथरा रोड हाईवे के पास खडे होकर सिंह वाहिनी पेट्रोल पंप कलोथरा पर डकैती डालने की योजना बना रहे है । मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु हमराह फोर्स की दो पार्टी तैयार कर मुखबिर के बताये स्थान हाईवे रोड सिंह वाहिनी पेट्रोल पम्प के पहले झाडियों में वाहन को रोड के किनारे एक तरफ रोककर तथा फोर्स के उतारकर मय साक्षियों के साथ झाडियों में छिपकर बदमाशों की आहट सुनकर वातचीत सुनी तो एक बदमाश बोल रहा था कि आज सिंह वाहिनी पेट्रोल पंप पर मुनीम की कनपटी पर कट्टा लगा कर डकैती डालेगे बहां पर काफी पैसा मिलेगा सोई पूर्ण इतमिनान होने पर बदमाशो को घेरा तो वदमाशो मे भगदड मच गई तथा पुलिस पार्टी द्वारा चार बदमाश पकडे गये तथा एक वदमाश अँधेरे एवं घने जंगल का लाभ उठा कर भाग गया जिसका पीछा किया किन्तु पकड मे नही आ सका पकडे गये वदमाशो के नाम पता पूछे तो उन्होने अपने नाम 01. संदीप कुमार झांझा पुत्र अनिल झांझा उम्र 24 वर्ष 02. अमन झांझा पुत्र अरविन्द कुमार झांझा उम्र 20



वर्ष 03. संजय कुमार झांझा पुत्र हेमन्त झांझा उम्र 29 वर्ष 04. संतोष गुदैन पुत्र लोचन सिंह गुदैन उम्र 45 वर्ष नि.गण तालाब मोहल्ला ग्राम मखाबद थाना अकोदिया जिला शाजापुर (म0प्र0) का होना वताये तथा कव्जे से एक 315 बोर का कट्टा मय एक जिन्दा कारतूस कीमती 2000 रुपये, एक 12 बोर की अधिया मय एक जिन्दा कारतूस कीमती 3000 रुपये, एक 315 बोर की अधिया मय एक जिन्दा कारतूस कीमती 3000 रुपये, पांच मोबाइल फोन कीमती 10500 रुपये, एक तलवार कीमती 500 रुपये, एक घडी कीमती 500 रुपये, एक कार हुन्डई क्रेटा कंपनी की क्रमांक स्क्ष09ष्टस्6620 कीमती 15 लाख रुपये कुल माल मशरूका 15,19,500 रुपये का माल ड्डवरामद किया तथा भागने वाले बदमाश का नाम ऊधम सिंह परिहार निवासी रमगढा थाना करैरा का होना बताया । आरोपियो को गिरफ्तार किया गया । आरोपियो के विभिन्न थानाओ मे आपराधिक रिकार्ड है जिनको प्राप्त किया जा रहा है तथा आरोपियो से अन्य अपराधो की डकैती व लूट के संवंध मे एवं अवैध हथियारो के सप्लायरो के संवंध मे पूछताछ की जा रही है ।

**बरामद माल-** 315 बोर के 01 कट्टा देशी हाथ के बने तथा 315 बोर की 02 अधिया देशी, 315 बोर के 03 राउन्ड ,01 तलबार लोहे की ,05 मोवाईल फोन ,01 घडी , हुन्डई क्रेटा कार क्रमांक MP®~CS6620 कुल मशरूका कीमती लगभग 15,19,500 रूपये ।

**इनकी रही भूमिका:**थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि हुकुम सिह मीणा चौकी प्रभारी सुनारी ,उनि केपी शर्मा,उनि वैजनाथ मिश्रा , प्र0आर0 654 प्रतिपाल सिंह , प्र.आर 391 मोहन, आर0 1073 अनूप, आर0 688 आलोक जैन, आर0 338 हरेन्द्र गुर्जर, आर0 895 राधेश्याम, आर0 617 ओमप्रकाश रावत, सिंह, आर0 866 गजेन्द्र रावत, आर0 727 अरूण कुशवाह, आर0 चालक 59 रविन्द्र तिवारी , आर0 874 प्रभजोत सिंह ,आर 260 गजेन्द्र शर्मा,आर 517 संतोष पाठक ।

## शहर में मलेरिया नियंत्रण हेतु युवा स्वयं सेवको को दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- जिला स्वास्थ्य समिति व एम्बेड परियोजना के तहत मलेरिया डेंगू जीरो रखने की दिशा में जिला मलेरिया कार्यालय शिवपुरी में युवा स्वयंसेवक का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.संजय रिशेश्वर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में शिवपुरी एवं सतनवाड़ा के 155 स्वयं सेवकों को मलेरिया व डेंगू नियंत्रण के लिए प्रशिक्षण दिया गया।इस कार्यक्रम में फैमिली हेल्थ इंडिया एम्बेड परियोजना जिला समन्वयक दीपक जौहरी एवं स्वास्थ्य विभाग से कंप्यूटर ऑपरेटर नरेंद्र श्रीवास्तव, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर के के शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग की मलेरिया टीम के सदस्य एवं फैमिली हेल्थ इंडिया के एंबेड परियोजना की टीम के सदस्य उपस्थित रहे

# बैराड अस्पताल में नहीं थम रहा रिश्वतखोरी का मामला, रिश्वत के चक्कर में गई प्रसूता की जान, परिजनों ने लाश रखकर किया चक्काजाम

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-खबर जिले के बैराड स्वास्थ्य केन्द्र से आ रही है। यह स्वास्थ्य केन्द्र इन दिनों सुर्खियों में रिश्वत खोरी की बजह से है। यहां लगातार ग्रामीण लोग रिश्वत को लेकर शिकायत करते रहे है। परंतु भ्रष्ट सीएमएचओ की कार्यप्रणाली के चलते इन जिम्मेदारों पर कोई कार्यवाही नहीं होती। जिसके चलते अब हालात यह हो गए है कि लोग इन रिश्वतखोर चिकित्सा विभाग के जिम्मेदारों की शिकायत करने लोकायुक्त तक पहुंचते है। लोकायुक्त द्वारा इनपर कार्यवाही के बाद भी यह अपनी हरकतों से बाज नहीं आते और आज फिर रिश्वत के चलते एक प्रसूता की मौत हो गई। इस मामले को लेकर अब परिजनों ने थाने के बाहर शव को रखकर जमकर हंगामा कियाजानकारी के अनुसार बैराड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डिलीवरी के दौरान एक 22 बर्षीय महिला की मौत हो गई है इसके बाद नर्स और डॉक्टरों द्वारा महिला छाया यादव को मृत अवस्था में जिला अस्पताल रेफर करने का आरोप महिला के परिजनों ने लगाया है इसके बाद मृतक महिला को शिवपुरी से बैराड़ अस्पताल लाया गया जहां परिजनों ने मृतक



महिला के शव को बैराड़ सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने रोड पर मृत महिला को रखकर चक्का जाम लगा दिया है।परिजनों का आरोप है कि डिलेवरी करने के नाम पर उनसे 4 हजार रूपए की रिश्वत बैराड़ हॉस्पीटल में पदस्थ एएनएम नोशिन खान और आशा कार्यकर्ता सरोज धाकड़ ने ली थी। परिजनों ने नर्श और एएनएम पर महिला के साथ डिलेवरी के दौरान मारपीट का भी आरोप लगाया है। इसको लेकर परिजनों की मांग है कि डॉक्टरों और नर्श की लापरवाही से छाया यादव की मौत हुई है। इस दौरान परिजन लापरवाह डॉक्टर और नर्श पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर हॉस्पीटल के समाने चक्काजाम पर बैठे है।यहां बता दे कि इस मामले की सूचना पर जिला चिकित्सालय में पोहरी के विधायक कैलाश कुशवाह भी पहुंचे थे। इन्होंने इस मामले को लेकर जिला चिकित्सालय से सीएमएचओं से भी बात कर तत्काल बैठक कर इस मामले का हल निकालने की बात कही थी। खबर लिखे जाने तक बैराड में परिजन चक्काजाम कर जिम्मेदारों पर एफआईआर की मांग कर रहे है। इस मामले की सूचना पर बीएमओ और एसडीओपी मौके पर पहुंच गए है और वह परिजनों को समझाने का प्रयास कर रहे है। परंतु परिजन सुनने तैयार नहीं है।

**उप मुख्यमंत्री ने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की**

# रतहरा तालाब तथा फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करें – उप मुख्यमंत्री

**रीवा (पुष्पांजली टुडे)।**

राजनिवास सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा नगर निगम क्षेत्र के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा शहर का तेजी से विकास हो रहा है। यहाँ चल रहे विभिन्न महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा कराएं। रतहरा तालाब का जनवरी के प्रथम सप्ताह में लोकार्पण किया जाएगा। उसके शेष बचे हुए कार्य एक सप्ताह में कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड पूरा करा दें। सिरमौर चौराहे में बनाए जा रहे फ्लाई ओवर का कार्य भी दो माह में पूरा करा दें। इसकी रूकी हुई लगभग तीन करोड़ रुपए की राशि का हाल ही में भुगतान कराया गया है। नीम चौराहे में पुलिया तथा सड़क का निर्माण 10 दिवस में पूरा करा दें। जिससे वहाँ का आवागमन सुगम हो सके। पेवर लगाने का कार्य भी साथ ही कराते जाएं। पद्मधर कालोनी के पीछे बीहर नदी पर नया पुल का निर्माण शीघ्र ही शुरू होगा। इससे ढेकहा तिराहे पर ट्रैफिक का दबाव घटेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवर फ्रंट का निर्माण कार्य तेजी से करें। बाबा घाट में 200 केएल तथा कोतवाली घाट में 400 केएल के सीवर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण तत्काल शुरू कराएं। नदी में किसी भी स्थिति



में गंदा पानी नहीं मिलना चाहिए। बाबा घाट से पचमठा तक पेवर ब्लाक लगाने एवं सीसी रोड बनाने का कार्य तत्काल शुरू कराएं। इसके साथ-साथ उपयुक्त स्थानों में वृक्षारोपण भी शुरू कर दें। रिवरफ्रंट के किनारे अलग-अलग प्रजातियों के पौधे रोपित कराएं जिनसे हरियाली और सुंदरता में वृद्धि हो। रतहरा तालाब को नहर से जोड़ने, लैण्डस्केपिंग, वृक्षारोपण तथा फूड जोन का कार्य शीघ्र पूरा कराएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल लाइन में पार्क के चारों ओर सीवर लाइन का कार्य पूरा होने के साथ ही सड़क का निर्माण कार्य तेजी से कराएं। पूरे सीवर लाइन में जल भराव की समस्या है। इसे दूर करने के लिए सिविल लाइन पार्क से सैनिक स्कूल के गेट के पास तक तथा राजनिवास रोड से सिविल लाइन रोड तक नाली निर्माण कराएं। पानी की उचित निकासी के बिना पूरे सीवर लाइन में साफ-सफाई नहीं रहेगी। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन ने बताया कि सिरमौर चौराहा फ्लाई ओवर मार्ग पर सीवर लाइन का कार्य पूरा हो गया है। यहाँ शीघ्र ही सड़क का निर्माण शुरू किया जाएगा। बैठक में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवणे, अधीक्षण यंत्री नगर निगम शैलेन्द्र शुक्ला, अन्य तकनीकी अधिकारी निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## लाल सागर में स्थिति सामान्य होने से तेल की कीमतें स्थिर



**नई दिल्ली**, पिछले कुछ दिनों में भारी गिरावट के बाद तेल की कीमतें अब स्थिर हो गई हैं। लाल सागर मार्ग पर शिपिंग व्यवधानों के बारे में चिंताएं कम हो गईं हैं, हालांकि मध्य पूर्व में तनाव लगातार बढ़ रहा है। मीडिया रिपोर्टों में ये बात कही गई है।

ब्रेंट क्रूड वायदा 10 सेंट या 0.1 प्रतिशत बढ़कर 79.75 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि यूएस डब्ल्यूटीआई क्रूड वायदा 5 सेंट कम होकर 74.06 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

कहा गया है कि बुधवार को कीमतों में लगभग 2 प्रतिशत की गिरावट आई। ये तब हुआ जब प्रमुख शिपिंग कंपनियां लाल सागर में लौटने लगीं।

निसान प्रतिभूति की इकाई एनएस ट्रेडिंग के प्रेसिडेंट हिरोयुकी किकुकावा ने कहा, "लाल सागर में शिपिंग के बारे में चिंताएं कम हो गई हैं, लेकिन मध्य पूर्व में तनाव, खासकर ईरान की भागीदारी को लेकर जारी चिंता के कारण इससे आगे बचना मुश्किल हो गया है।"

उन्होंने कहा, "बाजार में फिर से तेजी आने की संभावना है... शायद नए साल की शुरूआत में, संयुक्त राज्य अमेरिका में मौद्रिक ढील और उत्तरी गोलार्ध में सर्दियों के दौरान केरोसिन की अधिक मांग के कारण ईंधन की मांग में सुधार की संभावना है।"

## तुर्किए के राष्ट्रपति एर्दोगन ने नेतन्याहू की तुलना हिटलर से की

**अंकार**। इजराइल-हमास के बीच जारी युद्ध और विनाशकारी इजराइली मिसाइलों से आहत तुर्किए के राष्ट्रपति तैयब एर्दोगन ने बुधवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तुलना हिटलर से की।

तैयब एर्दोगन ने गाजा पर इजरायल के हमलों की तुलना नाजियों द्वारा यहूदी लोगों के साथ किए गए दुर्व्यवहार से की। उन्होंने कहा कि इजरायल का समर्थन करने वाले पश्चिमी देश युद्ध अपराधों में शामिल थे। नाटो सदस्य तुर्किए ने गाजा पर इजरायल के हवाई और जमीनी हमले की कड़ी आलोचना की और इसे आतंकवादी राज्य करार दिया। साथ ही तुर्किए ने कहा कि इजरायल के नेताओं पर अंतरराष्ट्रीय अदालतों में मुकदमा चलाया जाना चाहिए।

एर्दोगन ने कहा कि आप में और हिटलर में क्या अंतर है? वें हमें हिटलर की याद दिलाने जा रहे हैं। क्या नेतन्याहू ने जो किया, वह हिटलर ने जो किया था उससे कम है या नहीं?

उन्होंने कहा कि वह हिटलर से भी अधिक अमीर है, उसे पश्चिम से समर्थन मिलता है। अमेरिका से तो हर तरह का समर्थन मिलता है और उन्होंने इन तमाम समर्थनों के साथ क्या किया, उन्होंने 20,000 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार डाला।

उधर, तैयब एर्दोगन के बयान पर पलटवार करते हुए बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि कुर्दों के खिलाफ नरसंहार में शामिल तैयब एर्दोगन के पास सरकार का विरोध करने वाले पत्रकारों को जेल में डालने का विश्व रिकॉर्ड है, वह आखिरी व्यक्ति हैं, जो हमें नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे हैं।

ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सहमे ड्रैगन ने दी गीदड़भभकी, बोला- राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए सेना उठाएगी जरूरी कदम

ताइवान में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले चीन ने एक बार फिर से ताइवान को धमकी दी है। चीन ने ताइवान पर कब्जा करने के लिए सैन्य बल का उपयोग करने की अपनी धमकी दोहराई। चीनी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि चीन के सैनिक हमेशा की तरह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की मजबूती से रक्षा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।

## ताइवान के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सहमे ड्रैगन ने दी गीदड़भभकी, बोला- राष्ट्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए सेना उठाएगी जरूरी कदम



**एपी, ताइपे**। ताइवान में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले चीन ने एक बार फिर से ताइवान को धमकी दी है। चीन ने ताइवान पर कब्जा करने के लिए सैन्य बल का उपयोग करने की अपनी धमकी दोहराई, जिसे वह हमेशा से अपना क्षेत्र मानता रहा है।

**चीनी सैनिक किसी भी हद तक जाने को तैयार**

चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने गुरुवार को कहा कि चीन के सैनिक हमेशा की तरह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की मजबूती से रक्षा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।

**ताइवान में चुनाव से पहले बौखलाया चीन**

बता दें कि चीन काफी समय से ताइवान पर कब्जा करने की कोशिश में जुटा हुआ है। इसी बीच, अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर चीन बौखला गया है। ताइवान को डराने-धमकाने की अपनी नीति को लेकर चीन, ताइपे के पास युद्धपोत और लड़ाकू विमान भेजना जारी रखा है। वहीं, चीन के इस हरकत पर ताइवान की सेना ने कहा है कि वह चुनाव को लेकर सतर्क है।

**चीन ने अमेरिका पर भी साधा निशाना**

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू कियान ने अपने आरोप दोहराते हुए कहा कि अमेरिका, ताइवान को जानबूझकर चीन के साथ तनाव बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहा है। इधर, ताइवान ने अपनी नौसेना, वायु सेना और जमीनी बलों की तैनाती को बढ़ाया है, जो चीन को एक करारा जवाब है।

**चीन और ताइवान के बीच तनाव**

बता दें कि चीन और ताइवान के बीच काफी लंबे समय से तनाव जारी है। कुछ महीनों पहले चीन ने ताइवान के तट पर अपनी तैनाती बढ़ा दी थी, जिससे युद्ध की आशंका बन गई थी।

ऐसा माना जा रहा था कि दोनों के बीच युद्ध छिड़ सकता है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उसके बाद से भी चीन ने अपनी सेना की तैनाती बढ़ाई ही है।

# आर्थिक सहयोग को विस्तार देंगे भारत एवं रूस



**मॉस्को**, रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने विश्व में जारी उथल-पुथल के बावजूद भारत रूस संबंधों में प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग को विस्तार देने की आवश्यकता जताई है।

राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने कल देर शाम भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से क्रेमलिन में हुई मुलाकात के दौरान यह बात कही। बैठक में रूसी पक्ष से, विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, उप प्रधानमंत्री एवं व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर अंतर सरकारी रूसी-भारतीय आयोग के रूसी पक्ष के अध्यक्ष डेनिस मंटुरोव तथा राष्ट्रपति के सहयोगी यूरी उशाकोव ने भाग लिया। डॉ जयशंकर ने श्री पुतिन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक विशेष पत्र भी सौंपा।

क्रेमलिन के अनुसार श्री पुतिन ने कहा कि हमारा व्यापार लगातार दूसरे वर्ष और आत्मविश्वासपूर्ण गति से बढ़ रहा है। इस वर्ष, विकास दर पिछले वर्ष से भी अधिक थी। यह सामान्य ज्ञान है कि यह मुख्य रूप से ऊर्जा संसाधन हैं - तेल, तेल उत्पाद और कोयला, लेकिन यह सिर्फ इतना ही नहीं है। हम हाई-टेक क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे हैं।

रूसी राष्ट्रपति ने कहा, ह्लहमें यह जानकर बहुत खुशी हो रही है कि दुनिया में मौजूदा उथल-पुथल के बावजूद, एशिया में हमारे पारंपरिक मित्रों, भारत और भारतीय लोगों के साथ संबंध लगातार आगे बढ़ रहे हैं। मैं श्री मोदी की स्थिति जानता हूं और हम इस बारे में एक से अधिक बार बात कर चुके हैं। मैं उनकी स्थिति, हॉट स्पॉट, यूक्रेन की स्थिति सहित जटिल प्रक्रियाओं के प्रति उनके रवैये की बात कर रहा हूं। मैंने उन्हें इस संघर्ष के आसपास की स्थिति के बारे में बार-बार सूचित किया है। मैं शांतिपूर्ण तरीकों से इस समस्या को हल करने के उनके प्रयास के बारे में जानता हूं। उन्होंने कहा, ह्लहमें अपने मित्र श्री मोदी को रूस में देखकर खुशी होगी।' हमें वर्तमान मुद्दों पर चर्चा करने और रूस-भारत संबंधों के विकास की संभावनाओं के बारे में बात करने का अवसर मिलेगा। हमें बहुत सारी संभावनाओं पर चर्चा करना है। राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने कहा, ह्लमुझे एहसास है कि अगले साल, भारत का घरेलू राजनीतिक कैलेंडर सरल नहीं है। यह देखते हुए जटिल है कि भारत में संसद के लिए आम चुनाव होंगे। हम भारत में अपने दोस्तों की सफलता की कामना करते हैं। हमारा मानना है कि हम राजनीतिक ताकतों के किसी भी गठबंधन में अपने पारंपरिक मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखेंगे। विदेश मंत्री ने कहा ह्लसबसे पहले वह श्री मोदी की व्यक्तिगत शुभकामनाएं व्यक्त करने की अनुमति दें, और उन्होंने मेरे माध्यम से आपको एक पत्र भी भेजा है, एक पत्र जिसमें हमारे सहयोग की स्थिति और हमारे द्वारा की गई प्रगति के बारे में अपने विचार व्यक्त किए गए हैं।डॉ, जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री निश्चित रूप से, अगले साल रूस का दौरा करने के लिए उत्सुक हैं, और उन्हें यकीन है कि हम एक ऐसी तारीख ढूंढ लेंगे जो दोनों देशों के राजनीतिक कैलेंडर के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक हो। तो यह निश्चित रूप से कुछ ऐसा है जिसका वह इंतजार कर रहा है। विदेश मंत्री ने कहा, ह्लमैं इस अवसर पर हमारे द्वारा की गई प्रगति के कुछ पहलुओं को आपके साथ साझा करना चाहूंगा, और पिछले दो दिनों में, उप प्रधान मंत्री मंतुरोव के साथ और आज विदेश मंत्री लावरोव के साथ भी इस पर चर्चा करने का अवसर मिला। और मैं, आपकी तरह, व्यापार में हमने जो प्रगति की है, उस पर प्रकाश डालूंगा, जो कि 50 अरब डॉलर के कारोबार से अधिक है। और हमारा मानना है कि यह ऐसी चीज है जिसकी क्षमता अब दिखाई देने लगी है। यह महत्वपूर्ण है कि हम इसे अधिक टिकाऊ चरित्र दें और हमने चर्चा की कि हमें यह कैसे करना चाहिए। दूसरा पहलू परमाणु पक्ष से संबंधित है, और हमने कल समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं जो कुडनकुलम परियोजना को आगे बढ़ाएंगे।

# अमेरिकी सेना ने इराक में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर बमबारी की



**वाशिंगटन**। रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सैन्य बलों ने क्रिसमस की रात इराक में उन ठिकानों पर हवाई हमला किया, जिनका इस्तेमाल इराकी अर्धसैनिक समूह कताइब हिजबुल्लाह, जिसे हिजबुल्लाह ब्रिगेड के नाम से जाना जाता है, उसके सहयोगियों द्वारा किया जाता था।

रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि ये हमले राष्ट्रपति जो बाइडेन के आदेश पर और क्षेत्र में गठबंधन बलों के खिलाफ समूहों द्वारा किए गए हमलों के जवाब में किए गए थे।

उन्होंने एक बयान में कहा, ह्लउन हमलों में से एक 25 दिसंबर को एरबिल एयर बेस पर हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप तीन अमेरिकी कर्मी घायल हो गए थे। एयर बेस पर हमले के चलते एक सेवा सदस्य की हालत गंभीर हो गई।"

ऑस्टिन ने कहा, "मेरी प्रार्थनाएं उन बहादुर अमेरिकियों के साथ हैं जो घायल हुए हैं।"

उन्होंने कहा,"और मैं स्पष्ट कर दूं - राष्ट्रपति और मैं संयुक्त राज्य अमेरिका, हमारे सैनिकों और हमारे हितों की रक्षा के लिए जरूरी कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे।"

ऑस्टिन ने कहा, "कोई उच्च प्राथमिकता नहीं है। जबकि हम ऐसा नहीं चाहते, क्षेत्र में संघर्ष को बढ़ाने के लिए हम अपने लोगों और हमारी सुविधाओं की सुरक्षा के लिए और जरूरी उपाय करने के लिए प्रतिबद्ध और पूरी तरह से तैयार हैं।"

एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यूएस सेंट्रल कमांड कमांडर जनरल माइकल एरिक कुरिला ने एक बयान में कहा, "इन हमलों का उद्देश्य इराक और सीरिया में गठबंधन बलों पर हमलों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार तत्वों को जवाबदेह ठहराना और हमले जारी रखने की उनकी क्षमता को कम करना है।"

**"हम हमेशा अपनी सेनाओं की रक्षा करेंगे।"**

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि राष्ट्रपति को "आज सुबह हमले के बारे में तुरंत जानकारी दी गई, और उन्होंने रक्षा विभाग को जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्रतिक्रिया विकल्प तैयार करने का आदेश दिया"।

मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि बाद में ऑस्टिन के साथ एक कॉल पर बाइडेन ने कातिब हिजबुल्लाह और संबद्ध समूहों द्वारा उपयोग किए जाने वाले तीन स्थानों पर हमले का आदेश दिया, जो विशेष रूप से मानव रहित हवाई ड्रोन गतिविधियों पर केंद्रित थे।

वॉटसन के बयान में कहा गया है, "राष्ट्रपति नुकसान पहुंचाने वाले अमेरिकी कर्मियों की सुरक्षा से बढ़कर कोई प्राथमिकता नहीं रखते हैं। अगर ये हमले जारी रहते हैं तो संयुक्त राज्य अमेरिका हमारी पसंद के अनुसार समय और तरीके से कार्रवाई करेगा।"

## अमेरिका से तनाव के बीच उत्तर कोरिया ने अपनाई नई रणनीति, तानाशाह किम जोंग ने वाशिंगटन को दी ये चेतावनी




**एपी, सियोल**। अमेरिका के साथ जारी तनाव के बीच उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने नई रणनीति अपनाई है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अमेरिकी कदम (टकरावों) को विफल करने के लिए युद्ध की तैयारी बढ़ाने का आह्वान किया है। उन्होंने अमेरिका के किसी भी उकसावे के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी है। साथ ही जवाबी कार्रवाई की कसम खाई है।

**उत्तर कोरिया हथियारों का परीक्षण रखेगा जारी**

उत्तर कोरिया की 2024 की रणनीति को लेकर बुलाई गई बैठक में किम जोंग की टिप्पणियों से पता चलता है कि उत्तर कोरिया अपने परमाणु शस्त्रागार को आधुनिक बनाने के लिए हथियार परीक्षण जारी रखेगा। माना जा रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का असर उत्तर कोरिया की रणनीति पर प्रभाव डाल सकता है।


**युद्ध की तैयारियों को और तेज करने का आह्वान**

बता दें कि बुधवार को किम जोंग की पार्टी की पूर्ण बैठक के दौरान किम जोंग ने अमेरिका और उसके सहयोगियों को उत्तर कोरिया के खिलाफ कदम उठाने पर चेतावनी दी। किम जोंग ने अपनी सेना से युद्ध की तैयारियों को और तेज करने का आह्वान किया।

**अगले साल साइबर हमले के संकेत**

इधर, दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि उत्तर कोरिया अप्रैल में दक्षिण कोरियाई संसदीय चुनाव और नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले सैन्य उकसावे और साइबर हमले शुरू करेगा।

## अमेरिकी जासूसों पर नजर रखने के लिए उन्नत एआई सिस्टम का उपयोग कर रहा चीन: रिपोर्ट



**न्यूयॉर्क**, चीन की शीर्ष खुफिया एजेंसी अमेरिकी जासूसों और अन्य लोगों पर नजर रखने के लिए एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग कर रही है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी एआई सिस्टम "रुचि के व्यक्तियों" पर तत्काल डोजियर बना सकता है।

रिपोर्ट में आंतरिक मीटिंग मेमो का हवाला देते हुए कहा गया है, "एआई-जनरेटेड प्रोफाइल चीनी जासूसों को लक्ष्य चुनने और उनके नेटवर्क और कमजोरियों को इंगित करने की अनुमति देगा।"

चीन की मुख्य खुफिया एजेंसी, राज्य सुरक्षा मंत्रालय (एम.एस.एस.) ने अमेरिकी नागरिकों सहित व्यापक भर्ती के माध्यम से खुद को तैयार किया है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ह्लएजेंसी ने चीन के नेता शी जिनपिंग के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बेहतर प्रशिक्षण, बड़े बजट और उन्नत प्रौद्योगिकियों के उपयोग के माध्यम से खुद को तेज किया है, ताकि देश दुनिया की प्रमुख आर्थिक और सैन्य शक्ति के रूप में अमेरिका को प्रतिद्वंद्वी बना सके।

एम.एस.एस. अमेरिकी जासूसों को चुनौती देने के लिए एआई का उपयोग उस तरह से किया जा रहा है जैसा सोवियत नहीं कर सका।

रिपोर्ट में, वाशिंगटन स्थित अनुसंधान संस्थान, स्टिमसन सेंटर में चीन कार्यक्रम के निदेशक युन सन ने कहा, "विशेष रूप से चीन के लिए, मौजूदा प्रौद्योगिकी या दूसरों के व्यापार रहस्यों का शोषण करना सरकार द्वारा प्रोत्साहित एक लोकप्रिय शॉर्टकट बन गया है।"

सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी (सीआईए) के उप निदेशक डेविड कोहेन के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के तहत एजेंसी "चीनी अग्रिमों पर संग्रह की चुनौती को पूरा करने के लिए निवेश और पुनर्गठन कर रही है।"

कोहेन ने एक साक्षात्कार में कहा,ह्लहम लंबे समय से टैंकों की गिनती कर रहे हैं और मिसाइलों की क्षमता को समझ रहे हैं, जितना कि हम सेमीकंडक्टर या ए.आई. की क्षमता पर केंद्रित हैं ह्व

चीन किन प्रौद्योगिकियों को लक्षित कर रहा है, इसकी बेहतर समझ पाने के लिए, सीआईए ने अमेरिकी अधिकारियों और विद्वानों से इस बारे में जानकारी मांगना शुरू कर दिया है कि चीनी कंपनियां क्या विकसित करने की कोशिश कर रही हैं।

## फ्रांस में रोके गए 25 भारतीयों यात्रियों को किया गया मुक्त

**पेरिस**। फ्रांस में रोके गए विमान के 25 भारतीय यात्रियों को मुक्त कर दिया गया है। ये यात्री शरण के लिए फ्रांस में रूक गए थे। फ्रांसिसी मीडिया ने यह जानकारी दी है।

पेरिस के पास चालोंस-वाट्री हवाई अड्डे पर चार दिन रुकने के बाद ये 25 यात्री उस उड़ान में शामिल नहीं थे, जो सोमवार दोपहर को मुंबई के लिए रवाना हुआ था। फ्रांस से भारत रवाना हुई उड़ान के 276 यात्रियों में से अधिकतर भारतीय थे।

अभियोजकों के हवाले से कहा गया कि स्थानीय न्यायाधीश ने इस आधार पर ह्यह्यऔपचारिकह्वह्व रूप से उन्हें मुक्त करने आदेश दिया कि फ्रांस के चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे पर सीमा पुलिस के प्रमुख ने कानून द्वारा निर्धारित समय-सीमा में मामले को उनके पास नहीं भेजा था। फ्रांस में राजनीतिक आधार पर शरण के लिए आवेदन करने वाले 25 यात्रियों को मंगलवार को कथित तौर पर मुक्त कर दिया गया और उनमें से पांच को नाबालिग होने के कारण बाल कल्याण सेवा केंद्र में रखा गया। ये 25 लोग उन करीब 300 यात्रियों में से थे जो पिछले सप्ताह दुबई में रोमानियाई कंपनी लीजेंड एयरलाइंस द्वारा संचालित विमान में सवार हुए थे। वे निकारागुआ जाने वाले थे, लेकिन 21 दिसंबर को पूर्वोत्तर फ्रांस के वेट्री हवाई अड्डे पर ईंधन भरने के दौरान गुप्त सूचना के बाद विमान को चार दिनों के लिए रोक दिया गया।

फ्रांस में रुके लोगों में से दो लोगों से पुलिस ने संदिग्ध लोगों की तस्करी के संबंध में पूछताछ की। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए दो लोगों के खिलाफ मानव तस्करी का आरोप हटा दिया गया क्योंकि यह स्थापित हो गया था कि यात्री अपनी मर्जी से विमान में सवार हुए थे।

## नवाज शरीफ के लिए राहत भरी खबर, चुनाव आयोग ने स्वीकार किया नामांकन; दो सीटों से लड़ रहे आम चुनाव

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ क्या आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव लड़ सकेंगे? इस सवाल से गुरुवार को पर्दा उठ गया। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को स्वीकार कर लिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था।

नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन लगे प्रतिबंध के बाद सवाल खड़े होने लगे कि क्या चुनाव आयोग उनके नामांकन पत्र को स्वीकार करेगा। हालांकि, नवाज शरीफ को आम चुनाव लड़ाने की पूरी तैयारी कर ली गई थी और कहा जा रहा है कि चुनाव लड़ने पर लगा प्रतिबंध भी समाप्त हो गया है।

**कहां से चुनाव लड़ेंगे नवाज शरीफ?**

बता दें कि चुनाव आयोग को 73 वर्षीय नवाज शरीफ की उम्मीदवारी पर कोई आपत्ति नहीं है और उनका नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया है।

# पुतिन का मोदी को रूस आने का न्यौता, कहा- दुनिया में उथल-पुथल के बीच रूस-भारत के बीच मजबूत रिश्ते



**मॉस्को**। रूस की पांच दिनों की यात्रा पर पहुंचे भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने गर्मजोशी के साथ जयशंकर से मुलाकात की और भारतीय प्रधानमंत्री मोदी को अगले साल रूस आने का न्यौता दिया। इस दौरान पुतिन ने कहा कि अगला साल चुनाव के लिहाज से भारत के लिए बहुत व्यस्त रहने वाला है। चुनाव के लिए उन्होंने मोदी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चुनावी जीत किसी की भी हो, भारत-रूस के रिश्ते मजबूत और स्थिर बने रहेंगे।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। जयशंकर ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी- 'आज शाम राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से उन्हें शुभकामनाएं दीं और एक निजी संदेश सौंपा। राष्ट्रपति पुतिन को उपराष्ट्रपति डेनिस मंतुरोव और विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से हुई अपनी चचाओं से अवगत कराया। दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने के उनके मार्गदर्शन की सराहना की।'

इस बातचीत के दौरान रूसी राष्ट्रपति ने भारतीय प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि पीएम मोदी शांतिपूर्ण तरीके से रूस-यूक्रेन विवाद को हल करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने कई मौकों पर इसका बार-बार उल्लेख किया। उन्होंने भारत-रूस संबंधों पर बात करते हुए कहा कि हम उर्जा से लेकर प्रौद्योगिकी सहित अन्य क्षेत्रों में एक साथ हैं। हम पेट्रोल के साथ-साथ उच्च तकनीकी क्षेत्र में भी साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में काफी उथल-पुथल के बावजूद रूस और भारत के रिश्ते मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने भारतीय नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि भारत तेजी से विकास कर रहा है।

इससे पहले भारतीय विदेश मंत्री ने रूस के विदेश मंत्री मर्गेई लावरोव से मुलाकात की। दोनों के बीच द्विपक्षीय बैठक में लावरोव ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने जी 20 की अध्यक्षता कर अपनी विदेश नीति की ताकत को साबित कर दिया।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव सहित अधिकारियो को लिखा पत्र

सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल ने विगत दिवस प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव, गृह विभाग के प्रमुख सचिव, धार जिले के कलेक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र मे संचालित समस्त अवैध कार्यो को बंद करने की मांग की है। पत्र के माध्यम से बताया गया है कि सरदारपुर विधानसभा के विभीन्न स्थानो पर विभीन्न प्रकार के अवैध कार्य बिना किसी भय के संचालित है जिसमे जुआ, सट्टा, काला तेल, अवैध शराब, ड्रग्स आदि प्रमुख है। ड्रग्स के सेवन से बच्चो का



भविष्य अंधकार के गर्त मे जा रहा है। क्षेत्र के कई प्रमुख शहर/गॉव के सार्वजनिक स्थानो पर खुलेआम सट्टा एवं इन्दौर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर रात के अंधेरे मे काला तेल का व्यवसाय भी मिलीभगत से संचालित है। साथ ही सरदारपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक ग्रामो मे अवैध शराब की बिक्री भी धडल्ले से चल रही है जिसकी वजह से शासन-प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। इसलिए मेरे विधानसभा क्षेत्र सरदारपुर मे संचालित समस्त अवैध कार्य जुआ, सट्टा, काला तेल, अवैध शराब, ड्रग्स को बंद करने हेतु उचित कार्यवाही की जाए।

# पूर्व कमिश्नर रेनू तिवारी ने पीडव्लू डी बगिया में लगाए थे पौधे।।

**सबलगढ़** ।।सबलगढ़ शहर के स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर कमिश्नर के पद तक पहुंचने वाली समाजसेवी रेनू तिवारी ने कोरोना कल के समय नगर को हरा भरा करने के लिए स्थानीय पीडव्लुडी रेस्ट हाउस के बाहर मुख्य गेट के दोनों और पौधारोपण का कार्यक्रम किया था जिसमें तकरीबन 200 से ऊपर पौधे लगाऐग ऐथे इसमें सभी शासकीय विभागों ने सहयोग किया था तथा सभी को इन पौधों की देखने की जिम्मेदारी भी कमिश्नर रेनू तिवारी ने सौंपीथी उसके चारों ओर तार फेंसिंग की गई थी पेड़ों को पशुओं से बचने के लिए लोहे के टी गार्ड भी लगे थे लेकिन गुरुवार को पीडव्लुडीविभाग ने उक्त बगिया की तार फेन्सिग उखाड़ दी जबकि पौधे अभी काफी छोटे हैं अभीतारफेंसिंग नहीं उखड़नी चाहिए थी हटते ही आवारा पशुओं ने पेड़ों को नुकसान पहुंचाने लगे हैं जब तक पीडब्ल्यूडी विभाग के सहायक इंजीनियर एसपी श्रीवास्तव से बात की तो उनका कहना था कि हमें इस तर प्रिंटिंग की विभागीय कार्यालय में अधिक जरूरत है वहां पेड़ ज्यादा छोटे हैं जड़ी बूटियां हैं हमें यह तार फेंसिंग वहां लगानी है यहां लगे पेड़ बड़े हो गए हैं



उन्हें सुरक्षा की जरूरत है इन पेड़ों को अब सुरक्षा की जरूरत नहीं है जब उनसे कहा गया कि आप अन्य व्यवस्था कर लें तो उन्होंने कहा कि विभाग के पास पैसा नहीं है इसलिए यह तार फेंसिंग खोलकर दूसरी जगह लगाई जाना है लेकिन श्रीवास्तव यह बताने में नाकाम रहे पेड़ बड़े हो ग ऐ है उन्हें पशु नहीं खा सकते जहापर यह पौधारोपण किया गया था उसी जगह बिभाग के शासकीय आवास बने हुए हैं उन्हीमें सेवानिवृत्त कमिश्नर रेनू तिवारी अपनी शिक्षा के दौरान निवास करती थी जहां पौधारोपण किया गया था वहीं पास में प्राचीन बावड़ी को भीकवरकिया गया है समाजसेवी वासुदेव त्यागी ने कहा कि यहां बहुत मेहनत से बड़ी बगिया बनी थी उसकी अच्छे से देखभाल और तारफेन्सिग लगी होने से लगभग सभी पेड़ अभी तक जीवित थे और बड़े भी हो ग ऐ थेउसमें कुछ पेड़ छोटे रह गए हेयदि तार फन्सिगनहीं हटाई जाती तो पेड़ भी बड़े हो जाते तार फेंसिंग हटाने के बादसेसुन्दर बगिया उजढती नजर आ रही है

## माननीय श्री उमेश कुमार शर्मा प्रथम जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय तहसील विधिक सेवा समिति सबलगढ़ के आदेशानुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सबलगढ़ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमान नितिन सोनी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को निशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता योजना एवं एसिड हमले के पीड़ितों के लिए विधिक सहायता योजना के बारे में पर जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।उक्त आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य श्री अशोक सिंह जादौन सहित समस्त विद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

**मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव खिरका और जवाहरगढ़ में पहुंची**

# शासन की योजनाको जानने समझने और उससे लाभान्वित होने का सबसे बढ़िया अवसर

सबलगढ़।। विकसित भारत संकल्प यात्रा मध्य प्रदेश के साथ-साथ राजस्थान मिजोरम छत्तीसगढ़ तेलंगाना में प्रारंभ हुई है जिन रथो को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर वर्चुअल रवाना किया वहीं पर जिले में जिलाजनपद पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर भाजपा जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता ने हरी जल्दी दिखाकररथो को रवाना किया है वही सबलगढ विधानसभा में 17 तारीख को पैलारा बरोठा 18 तारीख को कैमरा खुर्द ग्राम पंचायत बावड़ी पुरा में यह रथ यात्रा पहुंची इसी प्रकार 19 दिसंबर को यह संकल्प रथ यात्रा जवाहरगढ़ और खिरका पंचायत में पहुंची वहां पर ग्राम पंचायत के सरपंच बृजमोहन कुशवाहा एवं सचिव को जनपद के सभी अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और योजनाओं के संबंध में जानकारी दी इसी प्रकार लोकेन्द्र सरपंच शाहपुरा निवासी जवाहरगढ़ के सरपंच हैं वहां पहुंचकर लोगों ने रथ का स्वागत कर



अधिकारियों ने योजना की जानकारी दी और उपस्थित दोनों पंचायत के हितग्राही मतदाताओं नेशासनकी योजनाओं से संबंधित अपने-अपनी समस्याएं लोगों ने बताई और उन्हौने आवेदन दिए हितग्राहियों को आश्वासन देकर चले गए सबलगढ़ विधानसभा की प्रत्येक पंचायत में प्रतिदिन दो पंचायत में संकल्प यात्रा पहुंचेगी इसी प्रकार शहर के प्रत्येक बारडौ में भी यात्रा भ्रमण करेगी

# पुरानी रंजिश, चलते आपसी मतभेद के चलते युवाओं ने चलाई गोली लगभग दस राउंड किए फायर,एक घायल

अम्बाह । थरा। युवाओं की मतभेद व , लड़ाई वापसी टकराव के चलते आज सुबह लगभग 8ः00 बजे के समय पर पाली के ताल के पास राजावत किराना स्टोर पर, नगरा निवासी रामलला पुत्र तिलक सिंह तोमर ने लगभग 10 राउंड फायर किए हैं जिसमें पूर्व जनपद अध्यक्ष जितेंद्र सिंह तोमर के पुत्र को भी गोली लगने से घायल अवस्था में ले जाया गया है हम आपको बता दें पूर्व



की कुछ आपसी टकराव की लड़ाई आगे इस हद को पहुंच गई कि उसने के चलते जान लेने को उद्देश्य से लगभग 10 राउंड की फायरिंग की जिसमें गोली लगने सूरज सिंह तोमर उम्र लगभग 22 वर्ष घायल व्यवस्था में व गोली लगने से अंबाह भेजा गया है वहीं राम लाला तोमर अपराधे पृष्ठभूमि से है , और पहले से ही उस पर व पहले भी हम बताने में अपराधिक प्रकरण दर्ज है।

# अंबाह केंद्र सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची

## नगर पालिका चौराहे पर हुआ भव स्वागत

अंबाह। विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन अंबाह में गुरुवार को अंबाह में पहुंची और इसका स्वागत मुरैना तिराहा पर नगर





पालिका अध्यक्ष अंजली जिनेश जैन के साथ नगरवासियों ने किया। इस मौके पर मुरैना तिराहे पर विकसित भारत को लेकर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अधिकारियों द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। विकसित भारत को लेकर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अधिकारियों द्वारा लोगों को जागरूक किया गया और कहां गया कि वह इन परियोजनाओं का लाभ उठाते हुए विकास कर सकते हैं। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों के साथ बाबा महाकाल मंदिर की कहानी, भगत सिंह की फांसी के दृश्यों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अंबाह एसडीएम अरविंद माहौर, एसडीओपी रवि भदौरिया, नपाध्यक्ष अंजली जिनेश जैन, सीएमओ शारिब कौसर, बीएमओ डॉ डीएस यादव, नपा उपाध्यक्ष शशि नीतू तोमर, पार्षदगण, नपा कर्मचारी सहित सैकड़ों नगरवासी मौजूद रहे।

# ज्ञानतीर्थ पर एक शाम गुरुवर के नाम 31 को

नववर्ष आगमन पर होगी गुरुभक्ति

मुरेना । ज्ञानतीर्थ में नववर्ष के आगमन पर एक शाम गुरुवर के नाम जैन भजनों पर भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन 31 दिसंबर को रखा गया है ज्ञानतीर्थ पर विराजमान ब्रह्मचारिणी बहिन अनीता दीदी द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नव वर्ष के आगमन पर जैन भजन संध्या का आयोजन ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर में परम पूज्य सराकोद्धारक षष्ठ पट्टाचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के चरणों में रखा गया है ।परम पूज्य गुरुदेव सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर जी महाराज के ससंघ पावन सान्निध्य में 31 दिसंबर को रात्रि 09 बजे से रात्रि 12 बजे तक गुरु चरणों में गुरु भक्ति की जायेगी । जैन भजनों पर संगीतमय माहोल में गुरुभक्त



जिनेंद्र प्रभु की भक्ति में लीन रहेंगे । जैसे ही नववर्ष का आगमन होगा सभी भक्तगण पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री ज्ञेयसागर महाराज, मुनिश्री ज्ञातसागर महाराज, मुनिश्री नियोग सागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे । ब्रह्मचारिणी बहिन ललिता दीदी ने बताया कि एक शाम गुरुवर के नाम कार्यक्रम से पूर्व शाम 7 बजे ज्ञानतीर्थ पर महा मंगल आरती की जायेगी । साथ ही छोटे बच्चों की फैंसी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा । आयोजन में सम्मिलित होने के लिए ज्ञानतीर्थ आवागमन हेतु बड़े जैन मंदिर मुरेना से वाहन व्यवस्था उपलब्ध रहेगी ।

# उपयुक्त स्थान तय न होने से एक सप्ताह से मीट मार्केट बंद, दुकानदारों ने अन्यत्र व्यवस्था होने तक एसडीएम से उसी स्थान पर चालू कराने की मांग।

सबलगढ़ नई सरकार द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में मीट और मछली विक्रेताओं को मंदिर, मस्जिद विद्यालय एवं सार्वजनिक स्थलों से 100 मीटर की दूरी पर मीट मछली के विक्रयको प्रतिबंधित करने और ढक कर बेचने के नए आदेशों का पालन करना है।नगर के 30 से अधिक दुकानदारों पर बेरोजगारी का खतरा बढ़ता रहा है।एक हफ्ते पहले एसडीएम वीरेंद्र कटारे ने मछली एवं मांस विक्रेताओं की मीटिंग बुलाकर बंद करा दिया था।शुक्रवार को दोपहर 3ः00 बजे मीट दुकानदारों ने एकत्र हो कर एसडीएम से नई व्यवस्था होने तक यहीं पर काम चालू करने का की मांग की गई थी।नई सरकार के दिए हुए आदेश के पालन में नगर के बाहर नए स्थान पर मीट एवं मछली के मांस की बिक्री करेंगे और उनका स्थान नगर पालिका द्वारा डेवलप करके चिन्हित करके प्रदान किया जाएगा तब सभी मीट मछली के विक्रेताओं ने इस पर अपनी सहमति प्रदान कर दी थी और इसके लिए मीटिंग में उपस्थित नगर पालिका के प्रतिनिधि और पटवारी रवि बंजारा,मीट विक्रेताओं एवं व्यापारियों में तय हो गया था कि रामपुर रोड स्थित गौशाला के थोड़ा आगे मीट मछली



विक्रेताओं को जगह प्रदान की जाएगी। वहां लाइट पानी एवं जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।लेकिन 7 दिन बाद भी नगर पालिका ना तो जगह चिन्हित कर पाई नाहीं कोई स्थान ही उपलब्ध करा पाई।तब से लेकर अब तक सभी मीट और मछली के विक्रेता अपने पुराने स्थान पर खाली बैठे हैं ।लेकिन नगर पालिका द्वारा मीट विक्रेताओं नया स्थान तय नहीं किया है।पिछले 7 दिनों से 30 से अधिक दुकानदार खाली हाथ बैठे हैं। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण नहीं हो पा रहा हैं।माधव बाथम कहना हम प्रशासन से हाथ जोड़कर कुछ दिनों की मोहलत मांगते हैं रामपुर रोड पर स्थित स्थान नगर से बहुत दूर है वहां न पानी की व्यवस्था है ना बिजली की व्यवस्था है एवं हमारी सुरक्षा की भी कोई व्यवस्था नहीं है तालाब के नीचे चंद्रपुरा खार पर प्रशासन हमें जगह दे दे तो हम वहां पर अपने चबूतरा बना लेंगे।जहां पानी और प्रकाश की व्यवस्था भी हो सकती है।अन्यथा हमारा परिवार भूखा मरने पर मजबूर हो जाएगा।

नपा सीएमओ अशोक पटेल का कहना शासन के नियमों के अनुसार उपयुक्त स्थल के लिए आवेदन कर लाइसेंस प्राप्त करें। एसडीएम से चर्चा कर ही स्थान पर किया जाएगा।

# खुल में मीट बेच रहे दुकानों को बंद कराया एसडीएम अरविंद माहौर



अम्बाह । खुलेआम बेच रहे मांस की दुकानों पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सभी दुकानों पर पहुंच कर बंद कराया। अम्बाह में एसडीएम अरविंद माहौर पुलिस व पटवारी के साथ नगर के पचासा मैदान के पास पहुंच कर खुले में बेच रहे मीट की दुकानों को बंद कराया। दुकान दारो से कहा फिर से दुकान खोली तो होगी कार्रवाई। एसडीएम माहौर ने कहा कि। कोई भी मीट की दुकानों को खुले में संचालित नहीं कर सकता। अगर कोई भी दुकानदार ने मीट बेचते पाया जाता है तो उस दुकानदार पर कार्रवाई की जायेंगी।अम्बाह एसडीएम अरविंद माहौर ने बताया है कि। हमनें नगर के पचासा मैदान के पास संचालित मीट की दुकानों को बंद कराया। वहीं दुकानदारों को खुले में मीट दुकानों को संचालित नहीं करने की हिदायत दी।